छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg No-CHHHIN/2020/87351
डाक पंजीयन क्र. 046/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 07 ■ अंक - 46 ■ बैकुंठपुर, रविवार 08 नवम्बर 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com

पत्नी को 15 साल के लड़के के साथ आपतिजनक हालत में देख बौखला गया पति, दोनों को बेदम पीटा, 1 की मौत

अंबिकापुर। बलरामपुर जिले के ग्राम जम्होर डीपाडीह में 4 नवंबर की सुबह करीब 11 बजे एक महिला 15 वर्षीय लडक़े के साथ अपने कमरे में आपतिजनक स्थिति (Objectionable condition) में थी। उसी समय उसका पति आ गया और दोनों को देखकर बौखला गया। उसने पत्नी व किशोर की बेदम पिटाई कर दी। पिटाई से किशोर बेहोश हो गया, जबकि पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों को शंकरगढ़ अस्पताल से रेफर किए जाने के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान लडक़े की मौत (Minor boy died) हो गई। किशोर अपनी मां के साथ दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने गया था। बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जम्होर डीपाडीह निवासी एक व्यक्ति के घर 4 नवंबर को दशकर्म कार्यक्रम था। गांव की ही ललिता पैकरा अपने 15 वर्षीय बेटे पंकेश के साथ कार्यक्रम (Dashgatra program) में शामिल होने वहां गई थी। कुछ देर बाद पंकेश व उक्त व्यक्ति की पत्नी अपने नए घर में चले गए।

गौ हत्या कर मांस बेचने की तैयारी के पहले 4 गिरफ्तार

सीतापुर। थाना क्षेत्र के ग्राम चिड़ापारा खालपारा में गौ हत्या करके मांस बिक्री की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाने से पहुंचे सहायक उप निरीक्षक डेविड मिंज ने गांव के लोगों और स्टाफ के साथ बताए स्थान पर घेराबंदी करके इन्हें दबोचा। पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने में सफल हो गए। पकड़े गए लोगों में रामेश्वर एक्का, मांगेश्वर एक्का निवासी ग्राम चिड़ापारा और चुंठू एक्का, बसंत राम एक्का निवासी ग्राम राजापुर शामिल हैं। मौके से पुलिस ने गौवंश का सिर, पैर सहित अन्य अवशेष और दो टांगा, लोहे की एक छुरी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 325, 3(5) बीएनएस और छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 5, 10 के तहत अपराध कायम किया है।

घर के बाहर खड़ी बोलेरो का स्टेपनी चोरी

चांदो। बलरामपुर जिले के चांदो थाना क्षेत्र में मंदिर पारा निवासी सतेंद्र प्रसाद गुप्ता के बोलेरो वाहन की स्टेपनी अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया। उन्होंने पुलिस को बताया है कि 4 नवंबर को रात 10 बजे वे अपनी बोलेरो वाहन को घर के बाहर शेड में कवर से ढककर सो गए थे। सुबह 5 बजे उठे तो बोलेरो में लगी स्टेपनी गायब थी। आसपास तलाश करने पर भी स्टेपनी का पता नहीं चला।

SECL माइनिंग सरदार और पत्नी से 10 लाख की ठगी, पुलिस ने दर्ज की FIR

छ.ग.फ्रंटलाइन

कोरिया। जिले के चरचा ईस्ट कॉलरी में पदस्थ एक माइनिंग सरदार और उनकी पत्नी ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के लालच में 10 लाख रुपए की ठगी का शिकार हो गए। ठगों ने दंपती को फोन किया और सोशल मीडिया के जरिए एक लिंक भेजा। इसके बाद उन्हें मुनाफे का झांसा देकर ठगी की गई। मामले में चरचा थाना पुलिस ने स्जढ्ढक्र दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना चरचा थाना क्षेत्र की है।

अब जानिए पूरा मामला

जानकारी के मुताबिक, चरचा ओल्ड स्टाफ कॉलोनी में रहने वाले माइनिंग सरदार सुमित कुमार चखियार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि करीब छह महीने पहले उनके मोबाइल पर दो अलग-अलग नंबरों से फोन आया था। फोन करने वालों ने अपना नाम रंजक और सरदार मनजीत सिंह बताया। उन्होंने ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा दिया और स्पोवा.कॉम पर अकाउंट बनाकर निवेश करने के लिए कहा।



ट्रेडिंग में मुनाफा दिखाया, पैसे मांगने पर फोन उठाना किया बंद

सुभ्रा का ट्रेडिंग कराने वाले रंजक से विवाद हो गया। इसके बाद रंजक ने उनसे माफी मांगी। कुछ दिन बाद सरदार मंजित सिंह नाम के व्यक्ति का फोन आया। उसने बताया कि कंपनी ने रंजक को हटा दिया है और अब वह उनकी ट्रेडिंग कराएगा। उसकी बातों में आकर दंपती ने फिर से 50 हजार रुपए निवेश किए। उन्हें एक सप्ताह में 70 हजार रुपए का मुनाफा होने का भरोसा दिया गया। इसके बाद दंपती ने 10 सितंबर 2026 को 2 लाख रुपए और 11 सितंबर को 2 लाख रुपए आरटीजीएस के जरिए भेजे। इसके अलावा 1 लाख रुपए यूपीआई से भी ट्रांसफर किए। उनके ट्रेडिंग अकाउंट में कुल रकम 4488 डॉलर दिखाई गई। इसके बाद दंपती को गोल्ड में ट्रेडिंग कराई गई। करीब एक महीने में उनके अकाउंट में 9000 डॉलर का मुनाफा दिखाया गया। जब उन्होंने अपनी रकम निकालने के लिए कहा तो सरदार मंजित सिंह ने फोन उठाना बंद कर दिया।

पुलिस ने दर्ज की FIR

मामले में दंपती ने शिकायत साइबर क्राइम के नंबर 1930 में कॉल कर की और चरचा थाने में भी शिकायत की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 66डी, 3(5), 318(4) बीएनएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सोशल मीडिया से संपर्क कर भेजा लिंक, किश्तों में जमा कराई राशि

ठगों ने टेलीग्राम, ई-मेल और फोन के जरिए लगातार सुमित कुमार चखियार और उनकी पत्नी से संपर्क किया। आरोपियों ने उन्हें बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण तेल की कीमतें बढ़ेंगी। उन्होंने दंपती से कहा कि अगर वे 5 लाख रुपए निवेश करते हैं तो उन्हें इतनी ही रकम मुनाफे के रूप में मिलेगी। उनकी बातों में आकर सुमित कुमार और उनकी पत्नी सुभ्रा ने 6 अप्रैल 2026 को आरटीजीएस के जरिए 5 लाख रुपए महादेव कंस्ट्रक्शन के खाते में जमा कर दिए। पैसे भेजने के बाद उनके ट्रेडिंग अकाउंट में 4,488 डॉलर दिखने लगे। ठगों ने बताया कि ऑयल ट्रेडिंग में एक सप्ताह के भीतर 16 हजार डॉलर का मुनाफा हुआ है। इसके बाद दंपती ने ट्रेडिंग बंद कर अपनी रकम निकालने की बात कही। आरोपियों ने उन्हें और मुनाफे का लालच देकर दोबारा ट्रेडिंग कराई। इस दौरान उनसे गलत ट्रेड लगवाए गए, जिससे उनके अकाउंट में दिख रहा पूरा मुनाफा खत्म हो गया।

राहुल गांधी की दिवाली-पार्टी में पहुंचे सिंहदेव और महंत समेत प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत भी नजर आए



छ.ग.फ्रंटलाइन

रायपुर। दिल्ली में राहुल गांधी के आवास पर हुई दिवाली मिलन पार्टी में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के कई बड़े नेता शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत समेत प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत और सह-प्रभारी विजय जांगिड़ ने कार्यक्रम में शिरकत की। हालांकि, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज इस आयोजन में मौजूद नहीं थे। इस कार्यक्रम में देशभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जुटे थे। इसे दिवाली मिलन का आयोजन बताया गया, लेकिन पार्टी के राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेताओं की एक साथ मौजूदगी के चलते इसे राजनीतिक मुलाकात के तौर पर भी देखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व उपमुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की मौजूदगी ने इस आयोजन को प्रदेश की राजनीति के लिहाज से अहम बना दिया। छत्तीसगढ़ से पहुंचे नेताओं में भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव और चरणदास महंत पार्टी के प्रमुख चेहरों में शामिल हैं। इनके साथ प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत और सह-प्रभारी विजय जांगिड़ की मौजूदगी भी रही।

राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ प्रदेश के नेताओं की मुलाकात

राहुल गांधी के इस आयोजन में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों, सांसदों और अलग-अलग राज्यों के नेताओं को बुलाया गया था। ऐसे आयोजनों में पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व और राज्यों के नेताओं को एक साथ बातचीत का अवसर मिलता है। छत्तीसगढ़ के नेताओं की मौजूदगी को भी इसी संदर्भ में देखा जा रहा है।

स्कूल शिक्षा मंत्री के विशेष सहायक हटाए गए: SCERT में उप संचालक बने ब्रजेश बाजपेई, स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

29 अक्टूबर 2026 को जारी इस आदेश पर स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव मनीष मिश्रा के डिजिटल हस्ताक्षर हैं।

छ.ग.फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के विशेष सहायक (निजी स्थापना) ब्रजेश कुमार बाजपेई को हटा दिया गया है। राज्य शासन ने 29 अक्टूबर को आदेश जारी किया था, जो अब सामने आया है। बाजपेई को मंत्री की निजी स्थापना से कार्यमुक्त कर दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, ब्रजेश कुमार बाजपेई राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा में उप संचालक के पद पर पदस्थ थे। उन्हें स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की निजी स्थापना में विभागीय कार्यों के संपादन के लिए आदेशित किया गया था। अब राज्य शासन ने उन्हें मंत्री की निजी स्थापना से कार्यमुक्त करते हुए उनकी सेवाएं प्रतिनियुक्ति पर लेकर उप संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT) शंकर नगर रायपुर में पदस्थ किया है। उनकी यह पदस्थापना आगामी आदेश तक रहेगी। 29 अक्टूबर 2026 को जारी इस आदेश पर स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव मनीष मिश्रा के डिजिटल हस्ताक्षर हैं। आदेश सामने आने के बाद मंत्री की निजी स्थापना में हुए इस बदलाव की चर्चा है।

'कबरा कान दंतैल' सोनगरा जंगल में दिखा, 12 लोगों की ले चुका है जान

- वन विभाग की चेतावनी के बावजूद ग्रामीण कर रहे खिलवाड़

छ.ग.फ्रंटलाइन

जरही। सूरजपुर जिले के अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग से लगे सोनगरा जंगल में एक दांत और एक कान कटा दंतैल हाथी के दिखाई देने से दहशत का माहौल है। स्थानीय स्तर पर 'कबरा कान दंतैल' के नाम से पहचाने जाने वाले इस हाथी की मौजूदगी ने ग्रामीणों को हलाकान कर दिया है। बताया जा रहा है कि यह हाथी सोनगरा, बगड़ा सहित आसपास के जंगलों में लगातार विचरण करते रहता है और इसके हमलों में अब तक करीब 12 लोगों की जान जा चुकी है। खतरनाक हाथी की मौजूदगी के बावजूद कुछ लोग अपनी जान जोखिम में डालकर उसके आसपास पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा हाथी के साथ छेड़छाड़ करते हुए शोर मचाने और उसे उकसाने का प्रयास करने की तस्वीरें और वीडियो सामने आने की बातें हो रही है। जिस हाथी से लोगों को दूरी बनाकर रखना चाहिए, उसके करीब जाकर कुछ लोग बहादुरी दिखाने में लगे हैं। दंतैल हाथी, जिसके हमलों में कई लोगों की जान जाने की बात सामने आ चुकी है, उसके नजदीक जाना खतरनाक साबित हो सकता है। हाथी अचानक आक्रामक होकर हमला कर सकता है और ऐसी स्थिति में किसी को संभलने का मौका नहीं मिलेगा। इसे देखते हुए वन विभाग को भी सजग रहने की जरूरत है।



वन विभाग से सतर्कता बढ़ाने की मांग

सोनगरा और बगड़ा जंगल के आसपास वन विभाग को लगातार निगरानी रखने, ग्रामीणों को जागरूक करने तथा अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर हाथी की मौजूदगी के संबंध में समय-समय पर चेतावनी जारी करने की आवश्यकता है। ग्रामीणों से अपील है कि हाथी दिखाई देने पर उसके नजदीक बिल्कुल न जाएं, न ही सेल्फी, वीडियो या मनोरंजन के लिए उसे परेशान करें। सुरक्षित दूरी बनाए रखें और तत्काल वन विभाग को सूचना दें। जंगली हाथी के साथ कुछ सेकंड की मस्ती जिंदगी भर का पछतावा बन सकती है। अपनी जान के साथ दूसरों की जिंदगी भी खतरे में न डालें।


ब्रेड बेचने निकले युवक का 5 दिन बाद सरासोर में मिला शव


- परेशान स्वजन खोजबीन में लगे थे लकड़हारे की सूचना से मचा हड़कंप

छ.ग.फ्रंटलाइन

जरही। सूरजपुर जिले के जरही क्षेत्र में रहकर ब्रेड बेचने का काम करने वाले बिहार के औरंगाबाद निवासी 30 वर्षीय शैलेंद्र कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। पांच दिनों से लापता युवक का शव 6 नवंबर को सरासोर क्षेत्र में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की जानकारी एक लकड़हारे ने दी, इसके बाद युवक की पहचान हो सकी। मृतक की पत्नि ने पति के गायब होने की रिपोर्ट चेन्द्रा पुलिस चौकी में दर्ज कराई थी। जानकारी के अनुसार, शैलेंद्र कुमार मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद का रहने वाला था और जरही में रहकर ब्रेड बेचकर अपना जीवनयापन करता था। बताया जा रहा है कि 1 नवंबर की सुबह करीब 7 बजे वह रोज की तरह ब्रेड बेचने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटा। काफी देर तक उसका इंतजार करने के बाद स्वजन और परिचितों ने उसकी तलाश शुरू की।

खोजबीन के दौरान पता चला कि शैलेंद्र अपने मित्र कामेश्वर विश्वकर्मा के यहां गया था। यहां आने पर लापता युवक के अन्य मित्रों के साथ सरासोर जाने की जानकारी मिली। इसके बाद उसकी लगातार तलाश की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई।





मौत की परिस्थितियां सवालों के घेरे में

ब्रेड बेचने के लिए घर से निकले युवक का पांच दिनों बाद शव मिलने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर शैलेंद्र की मौत कैसे हुई और किन परिस्थितियों में उसका शव सरासोर क्षेत्र में पहुंचा? फिलहाल मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। चेन्द्रा पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।



अय्यप्पा मंदिर में 17 से मंडल पूजा एवं 43 वां प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। कोयलांचल के श्री अय्यप्पा शनिश्वर मंदिर में 17 नवंबर से 15 जनवरी तक मंडल पूजा, मकर संक्रांति एवं 43 वें वर्षगांठ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, विशेष पूजा-अर्चना एवं भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित होंगे। महोत्सव का शुभारंभ 17 नवंबर को मुद्रा धारण के साथ होगा। इसके पश्चात 28 नवंबर को बारहवीं, 12 दिसंबर को अष्टाभिषेक सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना तथा 15 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ आयोजन का समापन होगा। आयोजन के दौरान श्रद्धालु अपने नाम, गोत्र एवं राशि के अनुसार विशेष पूजा-अर्चना भी करवा सकेंगे। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार शामिल होकर भगवान अय्यप्पा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। समिति का कहना है कि इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को भक्ति एवं आध्यात्मिकता से जोड़ना तथा परंपरागत धार्मिक आयोजनों को सामूहिक सहभागिता के साथ संपन्न कराना है।

दीपावली पर खाद्य प्रतिष्ठानों की हुई सघन जांच, नमूने परीक्षण हेतु भेजे गए



बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन। दीपावली पर्व के दौरान गुणवत्ताविहीन मिठाई, अमानक खोवा और अन्य मिलावटी खाद्य पदार्थों की आपूर्ति की आशंका को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा पूरे जिले में सघन जांच और औचक निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है। जिले के सभी 6 विकासखण्डों में संचालित होटल, ढाबा, मिठाई दुकान तथा अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। अब तक 22 प्रतिष्ठानों की औचक जांच कर बालूशाही, रसगुल्ला, मोतीचूर लड्डू, बेसन लड्डू, जलेबी, खोवा, कलाकंद, चमचम और गुलाबजामुन सहित विभिन्न मिठाइयों के 11 नमूने लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी रायपुर भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नमूने अमानक पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम और विनियमों के सुसंगत प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वे मिठाई और खाद्य सामग्री की खरीदारी करते समय गुणवत्ता व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, केवल साफ-सुथरे और विश्वसनीय प्रतिष्ठानों से ही खरीदारी करें तथा संदिग्ध या मिलावटी खाद्य पदार्थों की जानकारी संबंधित विभाग को दें। उन्होंने खाद्य प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान आमजन को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है और मिलावट या लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

परिवार अंतिम संस्कार में गया, लौटकर घर देखा तो ताले टूटे, अलमारी खाली

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। ग्राम पंचायत सतपता में थाना से महज कुछ ही फर्लांग की दूरी पर एक चोरी की घटना सामने आई है। परिवार अपने रिश्तेदार के दाह संस्कार में शामिल होने सीतापुर गया था। घर लौटकर जब दरवाजा खोला तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। परिवार ने देखा कि सभी दरवाजों के ताले तोड़े जा चुके थे, आलमारियों के लॉकर खुले थे और करीब पचास हजार रुपए के सोना-चांदी व नकदी गायब हो चुकी थी। पीड़िता मानती कुजूर पति चंद्रप्रकाश कुजूर ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 29 अक्टूबर को सुबह करीब 8 बजे उन्होंने घर के सभी दरवाजों पर ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ सीतापुर रवाना हो गई थी, जहां बहन के दामाद का दाह संस्कार था। अंतिम संस्कार निपटाने के बाद शाम करीब 4 बजे जब वे घर लौटीं तो सामने का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। घर के सामने दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था। अंदर घुसते ही हर कमरे के ताले तोड़े हुए मिले। आलमारियों के ताले और



लॉकर भी अज्ञात चोरों द्वारा तोड़ दिए गए थे। पूरा घर का सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। तलाशी लेने पर पता चला कि अलमारी में रखे एक जोड़ी सोने की टॉप्स, एक जोड़ी सोने के झुमके, चांदी का कटोरा और चम्मच समेत करीब तीन हजार रुपए नगदी व करीब तीन हजार रुपए के सिक्के गायब हैं। पीड़िता मानती कुजूर की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में आएदिन हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय दिखाई पड़ रहा है।

धान खरीदी की तैयारियां तेज, अधिकारियों ने उपार्जन केंद्रों का लिया जायजा

बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन। आगामी धान खरीदी को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देश पर अधिकारी जिले के उपार्जन केंद्रों का लगातार दौरा कर रहे हैं। उप संचालक पंचायत एवं जिला अंकेक्षक ने आज जनपद पंचायत वाड्रफनगर की ग्राम पंचायत बड़का गांव स्थित उपार्जन केंद्र एवं गोदाम पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं। यहां 15,000 नए तथा 1,200



पीडीएस बारदाने उपलब्ध हैं। अधिकारियों ने आवश्यक दस्तावेजों का आकलन किया, आर्द्रता मापी (मॉइस्चर मीटर) एवं माप-तौल यंत्रों की जांच की और परिसर की साफ-सफाई के निर्देश दिए।

चेरा, डिंडो एवं डुमरपान केंद्रों में भी तैयारियों का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

रात के अंधेरे में गायब हो गए चार बकरे-बकरियां, चोरों ने तोड़ा ताला

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। ग्राम पंचायत करवां पडकीपारा निवासी मोहम्मद मुस्लिम अंसारी के घर से रात के अंधेरे में चार कीमती बकरे-बकरियां गायब हो गई हैं। लटोरी चौकी में शिकायत दर्ज कराते हुए प्रार्थी मोहम्मद मुस्लिम अंसारी ने बताया कि एक नवंबर की शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच उन्होंने रोजाना की तरह दो रास बकरे 30 हजार रुपए और दो रास बकरियां 20 हजार रुपए को घर के अंदर बने बकरी बांधने वाले कमरे में बांधकर ताला लगा दिया था। दो नवंबर सुबह करीब 5 बजे जब वे बकरियों को बाहर निकालने के लिए कमरे के पास पहुंचे तो देखा कि ताला तोड़ टूटा हुआ था। अंदर घुसकर देखने पर पता चला कि सभी चार जानवर गायब हैं। अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर ताला तोड़कर बकरे-बकरियां चुरा ली हैं। सूचना पर लटोरी पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि ग्रामीण इलाकों में पशु चोरी की घटनाएं किसानों और पशुपालकों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन रही हैं।

पिता के हक के लिए बेटे की पहल, मुख्यमंत्री ने भेजा स्नेह भरा संदेश

बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर बेटे की एक शिकायत से बुजुर्ग पिता की बड़ी परेशानी दूर हो गई। विकासखंड बलरामपुर के ग्राम जरहाडीह निवासी श्री धुरन प्रजापति की सामाजिक सहायता पेंशन की राशि लंबित थी। उनके पुत्र श्री अंकज कुमार प्रजापति ने हेल्पलाइन 1076 के जरिए यह बात शासन तक पहुँचाई। इसके बाद लंबित पेंशन की राशि उन्हें मिल गई। राज्य स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 'विष्णु की पाती' भेजकर श्री प्रजापति और उनके परिवार को शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री ने लिखा कि पेंशन से मिलने वाली सहायता रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में सहारा देती है। इसलिए इस समस्या का समाधान होना उनके लिए मायने रखता है।

मुख्यमंत्री ने पिता की मदद के लिए बेटे पंकज की पहल की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि परिवार में एक-दूसरे की जरूरतों का ध्यान रखना और जरूरी कामों में साथ देना जीवन का बड़ा संबल है। उन्होंने अंकज तक अपना स्नेह पहुँचाने की बात भी कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन का प्रयास है कि योजनाओं का लाभ लोगों तक सहजता से पहुँचे और हर नागरिक की परेशानी ध्यान से सुनी जाए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 इसी सोच के साथ शुरू की गई है।

गणेशपुर के लाल ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर छत्तीसगढ़ का बढ़ाया मान

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। राष्ट्रीय एकता दिवस पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाले एक अधिकारी की कहानी अब गांव-गांव में चर्चा का विषय बन गई है।

ग्राम पंचायत गणेशपुर निवासी और बीजापुर के कुटरू में पदस्थ डीएसपी बृज किशोर यादव ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर परेड के द्वितीय कमान अधिकारी की जिम्मेदारी संभालते हुए पूरे राज्य का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित भव्य परेड में बृज किशोर यादव की उपस्थिति न सिर्फ उनके व्यक्तिगत कौशल का प्रमाण थी, बल्कि छत्तीसगढ़ पुलिस की



अनुशासन और पेशेवर क्षमता का भी प्रतीक बनी। द्वितीय कमान अधिकारी के रूप में उन्होंने परेड को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और राज्य के गौरव को नई ऊंचाई दी। दिवाली के अवसर पर जब वे अपने पैतृक गांव लौटे, तो ग्राम पंचायत पार्वतीपुर के सरपंच चंद्रदेव तिर्की ने उनसे मुलाकात की। सरपंच ने डीएसपी यादव को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देशहित में अपनी जिम्मेदारियों को और बेहतर तरीके से निभाने का आह्वान किया।

डीएसपी बृज किशोर यादव की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और गांव के लिए गर्व का विषय है, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन गई है। गांव के लोग कहते हैं कि ऐसे अधिकारी ही देश की एकता और सुरक्षा की मजबूत नींव रखते हैं।

संकुल केंद्र बरदर में उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ संकुल स्तरीय गणित मेला



बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन। संकुल केंद्र बरदर में 4 नवंबर 2026 बुधवार को संकुल स्तरीय 'गणित मेला' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री संजू कनौजिया, बीआरसी श्री सुरेश सिंह एवं संकुल प्राचार्या श्रीमती अवधमनी एक्का की गरिमामयी उपस्थिति रही, उन्होंने इस प्रकार के आयोजन से बच्चों को अधिक प्रेरणा मिलने की बात कही।

इस मेले में संकुल केंद्र बरदर के संकुल समन्वयक श्रीमती सोनिया गुप्ता व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों के साथ-साथ संकुल केंद्र- चित्तविश्रामपुर और पिण्डरा के शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

मेले में गणित को रोचक, सरल एवं आनंददायक बनाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों एवं छोटे-छोटे ज्स्ड के माध्यम से बच्चों को सीखने के अवसर प्रदान किए गए। इसमें जोड़, घटाव, गुणा-भाग, स्थानीय मान, पूर्ववर्ती एवं परवर्ती संख्या की पहचान, अंकों की पहचान तथा दो अंकों को मिलाकर नई संख्या बनाने जैसी गतिविधियाँ शामिल रहीं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने खेल-खेल में गणितीय अवधारणाओं को समझा और स्वयं करके सीखने का अनुभव प्राप्त किया। मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों में गणित के प्रति रुचि विकसित करना, उनकी तार्किक एवं गणितीय समझ को बढ़ावा देना तथा गतिविधि आधारित शिक्षण को प्रोत्साहित करना था।

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल ने शिक्षकों को गणित शिक्षण के नए और प्रभावी तरीकों को समझने तथा आपसी अनुभव साझा करने का अवसर भी प्रदान किया। इस प्रकार गणित मेला बच्चों के लिए सीखने का एक आनंददायक मंच बना, जहाँ गणित केवल एक विषय न रहकर खेल, खोज और अनुभव का माध्यम बना।

छत पर सोलर, हाथ में मुख्यमंत्री की पाती, रोहित गुप्ता को सौर ऊर्जा अपनाने पर मिली शाबाशी

बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन। घर का बिजली बिल हर परिवार के मासिक बजट का अहम हिस्सा होता है। इसी खर्च को कम करने और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के लिए बलरामपुर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी श्री रोहित गुप्ता ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घररू मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का सोलर प्लांट लगवाया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वयं उनके इस निर्णय की सराहना की है।



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने ष्विष्णु की पातीष् के माध्यम से श्री गुप्ता और उनके परिवार को शुभकामनाएँ भेजीं। पत्र में मुख्यमंत्री ने लिखा कि घर की जरूरतों और खर्चों को ध्यान में रखकर लिया गया निर्णय जब परिवार को राहत देने लगता है, तो उसका संतोष अलग ही होता है। उन्होंने कहा कि बिजली खर्च में बचत से परिवार की दूसरी जरूरतों के लिए गुंजाइश बनती है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू हुई सूर्य घर योजना से घर-घर तक सौर ऊर्जा का लाभ पहुँच रहा है। इससे परिवार अपनी बिजली की जरूरतें तो पूरी कर ही रहे हैं, स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण में भी सहभागी बन रहे हैं।

पत्र की खास बात यह रही कि मुख्यमंत्री ने श्री गुप्ता के अनुभव को दूसरों के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि जो परिचित और पड़ोसी अपने घर में सोलर लगवाने के बारे में सोच रहे हैं, उनके लिए यह अनुभव उपयोगी हो सकता है। किसी परिचित परिवार को लाभ मिलते देखकर दूसरों का भरोसा भी बढ़ता है। इस तरह एक आम परिवार का छोटा-सा निर्णय आज पूरे मोहल्ले और जिले के लिए सौर ऊर्जा अपनाने का संदेश बन गया है।

सुपेला चौक पर बिछड़े 4 वर्षीय मासूम को यातायात पुलिस ने मां से मिलाया

दुर्ग, (एजेंसी)। दीपावली पर्व के दौरान बाजारों और प्रमुख चौक-चौराहों पर बढ़ती भीड़ के बीच सुपेला चौक पर अपनी मां से बिछड़े 4 वर्षीय मासूम को यातायात पुलिस ने सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाया। पुलिसकर्मियों की तत्परता से बच्चा सकुशल अपनी मां से मिल गया।

जानकारी के अनुसार, सुपेला चौक पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे आरक्षक भापेन्द्र साहू और अजय मंडावी को एक छोटा बच्चा अकेले रोता हुआ



मिला। दोनों आरक्षकों ने तत्काल बच्चे को अपने संरक्षण में लिया और उसके परिजनों की जानकारी जुटाने का प्रयास किया।

यातायात जोन आकाशगंगा के माध्यम से बच्चे की पहचान मोहम्मद रिजवान, पिता मुख्तार कुरैशी, निवासी लक्ष्मी मार्केट सुपेला के रूप में हुई। इसके बाद उसकी माता पिंकी बेगम से संपर्क कर बच्चे को सुरक्षित उनके सुपुर्द किया गया। अपने बच्चे को सकुशल वापस पाकर मां ने राहत की सांस ली और यातायात पुलिस सहित पूरे पुलिस विभाग के प्रति आभार जताया।

दुर्ग यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि त्योहारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखें तथा उन्हें अकेला न छोड़ें। किसी भी आपात स्थिति या इस तरह की सूचना मिलने पर डायल 112 पर संपर्क करें।

कई क्षेत्रों के लिए एआई मॉडल विकसित कर रहे

'सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल' लॉन्च, वैष्णव बोले भारत जल्द बनेगा दुनिया की 'एआई एप्लिकेशन राजधानी'

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उद्योग का मुख्य फोकस विभिन्न उद्यमों में एआई मॉडल का इस्तेमाल करने और कृषि, स्वास्थ्य सेवा तथा शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने पर है और इस दिशा में काफी अच्छी प्रगति हो रही है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत दुनिया की 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एप्लिकेशन राजधानी' बनने पर पूरा ध्यान केंद्रित कर रहा है। 'सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल' के लॉन्च के मौके पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक एआई उद्योग में तेजी से बदलाव हो रहे हैं और जैसे-जैसे यह तकनीक विकसित होगी, नए अवसर भी खुलेंगे।

- वैश्विक एआई उद्योग में तेजी से बदलाव हो रहे

जल्द भारत की अपनी ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) चिप होगी


केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

पोर्टल में गंभीर आवेदक ही ले सकेंगे हिस्सा

सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसमें केवल पूरी तरह भरी गई (कंप्लीट) एप्लिकेशंस ही स्वीकार की जाएंगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सेमीकंडक्टर उद्योग की गंभीर कंपनियां ही इसमें हिस्सा लें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसमें गैर-गंभीर आवेदकों के लिए कोई जगह नहीं है।

एप्लिकेशन पर फोकस

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हम भारत को दुनिया की 'एप्लिकेशन राजधानी' बनाने पर पूरा जोर दे रहे हैं। उद्योग का मुख्य फोकस विभिन्न उद्यमों में एआई मॉडल का इस्तेमाल करने और कृषि, स्वास्थ्य सेवा तथा शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने पर है। हमारा उद्योग इन एप्लिकेशंस पर बहुत ज्यादा ध्यान दे रहा है और इस दिशा में काफी अच्छी प्रगति भी हो रही है।

अहम इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों का निर्माण हो रहा

अश्विनी वैष्णव ने महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों के निर्माण में भारत की बढ़ती क्षमताओं पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि आज हम पूरा बैटरी सेल बना रहे हैं। हम कॉपर फॉयल बना रहे हैं। हम पीसीबी के लिए कॉपर-क्लैड लैमिनेट बना रहे हैं। पूरी वैल्यू चेन में हम हर प्रोग्राम और हर मंजूरी के साथ गहराई से काम कर रहे हैं। यह कदम भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

समाज को सुरक्षित रखने के लिए उठाएं कदम

वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया मंचों को खुद आगे बढ़कर कदम उठाने होंगे। उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए कि हमारा समाज सुरक्षित रहे। वैष्णव ने कहा कि इन मंचों पर नागरिकों को अपनी बात रखने की ताकत दी जानी चाहिए। इस समय अगर किसी मंच पर मौजूद सामग्री से गंभीर नुकसान होता है, तो नागरिक के पास केवल अदालत या पुलिस के पास जाने का ही विकल्प बचता है। उन्होंने एक ऐसी अच्छी और प्रभावी व्यवस्था बनाने का आह्वान किया जिसके माध्यम से लोगों की शिकायतों का सीधे समाधान किया जा सके।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया मंचों को सामग्री की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए, एल्गोरिद्म की पारदर्शिता से जुड़े उपाय करने चाहिए और शिकायतों का तेजी से समाधान करना चाहिए। इन मंचों को 'डिजिटल अरेस्ट' घोटालों सहित गंभीर ऑनलाइन खतरों से समाज की सक्रिय रूप से रक्षा करनी चाहिए। मंचों को बच्चों की सुरक्षा, महिलाओं की सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट और नागरिकों को होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी लेनी होगी।

खबर संक्षेप

किशोर बियानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। सीबीआई ने 904.32 करोड़ की कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में फ्यूचर रिटेल लिमिटेड और जाने-माने कारोबारी किशोर बियानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। साथ ही, शुक्रवार को मुंबई में उनसे जुड़े ठिकानों पर छापेमारी भी की गई। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने इस मामले में उनके भाई राकेश बियानी के खिलाफ भी केस दर्ज किया है।



तरुण तेजपाल को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तहलका के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने जूनियर महिला सहकर्मी से रेप के मामले में मिली 10 साल की सजा पर रोक लगाने की उनकी याचिका खारिज कर दी। तेजपाल पर नवंबर 2013 में गोवा के एक लग्जरी होटल की लिफ्ट में अपनी जूनियर सहकर्मी के साथ रेप करने का आरोप है।



टैंक फार्म में आग लगने से 1 की मौत, 6 झुलसे

डिब्रूगढ़। असम के डिब्रूगढ़ जिले में ऑयल इंडिया लिमिटेड के इंटरमीडिएट टैंक फार्म में शुक्रवार सुबह आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य झुलस गए। कंपनी के अनुसार, तेंगाखाट स्थित इंटरमीडिएट टैंक फार्म में सुबह करीब 9:05 बजे रखरखाव कार्य के दौरान आग लगी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य झुलस गए।



पराग्वे में राष्ट्रपति पेना ने दिया इस्तीफा

एसनसियोन। पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना ने उनकी सरकार से जुड़े एक बड़े डिजिटल बैंक के दिवालिया होने के बाद इस्तीफा देने की घोषणा की। यूएनो बैंक के इस संकट से लाखों लोगों की जमा-पूंजी फंस गई और देशभर में व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। उनकी अपनी पार्टी ने भी उनसे समर्थन वापस ले लिया। पेना के खिलाफ आपराधिक जांच शुरू करने की घोषणा की है।



लॉस एंजिल्स की मेयर चुनी गईं नित्या रमन

वॉशिंगटन। केरल में जन्मीं नित्या रमन ने लॉस एंजिल्स के मेयर का चुनाव जीत लिया है। वह इस शहर का नेतृत्व करने के लिए चुनी जाने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी बन गई हैं। वह इस शहर की पहली दक्षिण एशियाई मेयर भी बनेंगी। भारत में जन्मी रमन छह साल की उम्र में अपने परिवार के साथ अमेरिका आ गई थीं। उन्होंने हार्वर्ड से स्नातक किया और वे अर्बन प्लानर हैं।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के सैन्य सलाहकार सिंह की दो टूक

शांति सैनिकों के खिलाफ हमलों के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराएं

शांति सैनिकों की सुरक्षा भारत की प्राथमिकता सूची में

कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारत शांति सैनिकों की सुरक्षा को शांति स्थापना के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक मानता है। हम संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना और एक ऐसे शांति स्थापना ढांचे के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं जो बेहतर संसाधनों से युक्त, बेहतर रूप से सुरक्षित और स्वयं विश्व का अधिक प्रतिनिधित्व करने वाला हो


कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के खिलाफ हमलों के दोषियों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया है, और इस बात को प्रमुखता से उठाया है कि 'ब्लू हेल्मेट्स' (शांति सैनिकों) को विषम और तकनीकी खतरों का सामना करना पड़ रहा है। शांति स्थापना अभियानों के सभी पहलुओं की व्यापक समीक्षा पर आयोजित वार्षिक परिचर्चा को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के सैन्य सलाहकार, कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज के कर्मियों को विषम और तकनीकी रूप से उन्नत खतरों का सामना करना पड़ता है, और शांति सैनिकों पर हमला करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2589 पर भारत का निरंतर नेतृत्व इसी दृढ़ विश्वास को दर्शाता है।

सैनिकों को उन्नत खतरों का सामना करना पड़ रहा

भारत ने 50 मिशन में सर्वाधिक 3 लाख सैनिक तैनात किए

कर्नल सिंह ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सबसे अधिक सैनिक भेजने वाले देशों में से एक है, जिसने अब तक 50 मिशनों में 3,00,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। भारत शांति सैनिकों की सुरक्षा को शांति स्थापना के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक मानता है। हम संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना और एक ऐसे शांति स्थापना ढांचे के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं जो बेहतर संसाधनों से युक्त, बेहतर रूप से सुरक्षित और स्वयं विश्व का अधिक प्रतिनिधित्व करने वाला हो।

184 भारतीय शांति सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

कर्नल सिंह ने उन 184 भारतीय शांति सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने 'ब्लू हेल्मेट्स' के रूप में अपने कर्तव्य का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि इस अनिवार्य उद्देश्य के लिए भारत की प्रतिबद्धता केवल दार्शनिक नहीं है; यह बुनियादी है, जो सात दशकों के परिचालन जुड़ाव में निहित है, और हमारे शांति सैनिकों के पसीने और खून से आकार लेती है।

शांति सैनिकों के लिए पर्याप्त संसाधन हों

भारत के स्थायी मिशन के सैन्य सलाहकार ने कहा कि शांति अभियानों के सफल होने की संभावना तब सबसे अधिक होती है जब वे एक व्यापक राजनीतिक प्रक्रिया के साथ जुड़े हों, जिसमें स्पष्ट रूप से परिकल्पित राजनीतिक परिणाम और शांति सैनिकों के लिए पर्याप्त संसाधन हों। भारत ने सैनिकों और पुलिस का योगदान देने वाले देशों के लिए उन 'मैंडेट' (कार्यक्षेत्र) को आकार देने में एक 'व्यवस्थित आवाज' होने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिन्हें वे लागू करते हैं।

शांति सैनिक भेजने वाले देशों को अधिकार दें

सिंह ने जोर दिया कि जिन देशों के सैनिक और पुलिसकर्मी इन अभियानों में शामिल हैं, उन्हें सुरक्षा परिषद द्वारा तय किए जाने वाले जनादेश को आकार देने में अपनी बात रखने का व्यवस्थित अधिकार होना चाहिए।

शांति मूल उद्देश्य

उन्होंने कहा कि चूंकि भारत शांति स्थापना को संयुक्त राष्ट्र के मूल उद्देश्य के लिए 'अपरिवर्तनीय' (अनिवार्य) मानता है, इसलिए नई दिल्ली ने 2028-29 के कार्यकाल के लिए सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में अपनी उम्मीदवारी के लिए इसे एक प्राथमिकता के रूप में चिह्नित किया है।

वर्तमान में 160 भारतीय महिला शांति सैनिक तैनात

कर्नल सिंह ने 1960 से महिला शांति सैनिकों की भारत की तैनाती पर भी प्रकाश डाला, और इस विश्वास को दोहराया कि वे जनादेश को पूरा करने में केंद्रीय भूमिका में बनी हुई हैं। वर्ष 2007 में, भारत ने लाइबेरिया में पहली बार सर्व-महिला पुलिस इकाई की तैनाती की थी, जिसने वैश्विक स्तर पर प्रशंसा अर्जित की और यह निर्णायक रूप से सिद्ध किया कि महिला शांति सैनिक शांति स्थापना में विशिष्ट रूप से प्रभावी हैं। सिंह ने बताया कि भारत ने वर्तमान में 160 महिला शांति सैनिकों को तैनात किया है।

शांति मूल उद्देश्य

कमजोर ट्रंप ने कसी कमर

'वीटो पावर' का इस्तेमाल कर विरोधियों के एजेंडे को पलटेंगे

- *डेमोक्रेट्स का ट्रंप पर ईरान युद्ध समाप्त करने का दबाव*
- *ट्रंप प्रशासन और उनके करीबियों की आक्रामक जांच*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव के परिणामों में डेमोक्रेटिक पार्टी ने संसद के दोनों सदनों, निचले सदन- प्रतिनिधि सभा और उच्च सदन- सीनेट में बहुमत हासिल कर लिया है। यानी विधायिका में डेमोक्रेटिक पार्टी अब रिपब्लिकन पार्टी के खिलाफ मजबूत हो गई। दूसरी तरफ कई राज्यों के गवर्नर और विधानसभा चुनाव में भी डेमोक्रेटिक पार्टी ने रिपब्लिकन को हराकर अपना शासन स्थापित किया है।


डोनाल्ड ट्रंप

यूं तो इन चुनावों में राष्ट्रपति की कुर्सी दांव पर नहीं थी, लेकिन इस पद के साथ मिलने वाली कई शक्तियां अब कम हो सकती हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रिपब्लिकन पार्टी ने डेमोक्रेट्स के विधायी एजेंडे और जांच अभियानों को बेअसर करने के लिए एक आक्रामक प्रशासनिक रणनीति बनाई है। डेमोक्रेट्स के पास वीटो को पलटने के लिए न तो प्रतिनिधि सभा और न ही सीनेट में जरूरी दो-तिहाई बहुमत (प्रतिनिधि सभा में 290 और सीनेट में 67 सीटें) है।

टैरिफ और व्यापार शुल्क रद्द करवाएंगे

प्रतिनिधि सभा के स्पीकर हकीम जेफ्रीज की पहली प्राथमिकता रिपब्लिकन पार्टी की ओर से आम लोगों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधा- मेडिकेड में की गई कटौती को बहाल करना और अफोर्डेबल केयर एक्ट (ओबामाकेयर) की सब्सिडी को फिर से लागू करना होगी। इसके साथ ही वे दवाओं की कीमतों को सीमित करने का प्रयास करेंगे। डेमोक्रेट्स ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापार शुल्कों, खासकर कनाडा पर लगे लेवी को वापस लेने के लिए एंड ट्रंप्स टैरिफ टैक्स एक्ट जैसा कानून लाने की तैयारी कर रहे हैं, उनका तर्क है कि इन शुल्कों ने घरेलू लागत बढ़ाई है। डेमोक्रेट्स एक ऐसा प्रस्ताव लाने की योजना बना रहे हैं।

पॉकेट वीटो की रणनीति अपनाएंगे

ट्रंप प्रशासन का मानना है कि वे लोकप्रिय विधेयकों पर बार-बार वीटो की धमकी देकर या प्रशासन की नीतिगत चेतावनियों के जरिए डेमोक्रेट्स को कानून में संशोधन करने या अंततः समझौते की मेज पर आने के लिए मजबूर करेंगे। संसद (कांग्रेस) के स्थगन के समय ट्रंप बिना हस्ताक्षर किए विधेयकों को रद्द करने वाले पॉकेट वीटो का उपयोग कर सकते हैं, जिसे कांग्रेस द्वारा दोबारा मतदान से भी नहीं पलटा जा सकता। डेमोक्रेट्स के जांच के लिए जारी होने वाले समन और संभावित महाभियोग का मुकाबला करने के लिए व्हाइट हाउस काउंसिल के दफ्तर ने विशेष रूप से 15 अतिरिक्त वकीलों की भर्ती कर ली है।

सीएम साहा ने घटना की समीक्षा की

बीएसएफ जवानों पर हमला करने वाले 8 गिरफ्तार, कुल 18 पकड़े

एजेंसी ▶▶ अगरतला

त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों पर कथित तौर पर हमला करने और उनमें से तीन को घायल करने के आरोप में आठ और लोगों को पकड़ा गया है।

जिससे मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 18 हो गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तस्करी के संदेह में सिपाहीजाला जिले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिए जाने के विरोध में सोमवार को


सीएम साहा बैठक करते हुए

आशाबारी सीमा चौकी के पास ग्रामीणों के एक समूह ने बीएसएफ कर्मियों पर हमला कर दिया था, जिसमें एक सहायक कमांडेंट समेत 3 जवान घायल हो गए थे।


टाइगर ट्रायम्फ 2026 समारोह संपन्न

भारत-यूएस सेनाओं ने सहायता आपदा, राहत पर किया अभ्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच पांचवा द्विपक्षीय त्रि-सैन्य मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभ्यास टाइगर ट्रायम्फ 2026 विशाखापत्तनम में संपन्न हुआ। 31 अक्टूबर से 05 नवंबर तक आयोजित इस अभ्यास में दोनों देशों के सशस्त्र बल कर्मियों ने भाग लिया।

समापन समारोह में नौसेना के पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल विशाल बिश्नोई और अमरीकी प्रशांत बेड़े के वाइस कमांडर रियर एडमिरल


विशाल बिश्नोई, जोक्विन पिनिलोस

जोक्विन जे. मार्टिनेज डी पिनिलोस उपस्थित रहे। अभ्यास में सैन्य बल अभ्यास और आपातकालीन प्रतिक्रिया योजनाओं के परीक्षण और मूल्यांकन संबंधी सैन्य चर्चा - टेबलटॉप अभ्यास शामिल रही।

हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और सोनार से लैस

नौसेना को सौंपा पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'अमिनी', बारूदी सुरंगों का लगाएगी पता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई), कोलकाता द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित पनडुब्बी रोधी युद्धपोत (एएसडब्ल्यू) में से एक 'अमिनी' को गुरुवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है।

ये पोत भारतीय नौसेना के सबसे बड़े जलज्वारीय युद्धपोतों में से एक हैं, जो अत्याधुनिक हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और सोनार से लैस हैं, जिससे पानी के नीचे के खतरों का प्रभावी ढंग से पता लगाने और उनसे निपटने में सक्षम है।


भारतीय नौसेना को सौंपते अमिनी

80 प्रतिशत स्वदेशी निर्माण

अमिनी का नाम लक्षद्वीप केंद्र शासित प्रदेश के अमिनी द्वीप से लिया गया है। यह पोत पूर्ववर्ती पेट्या तृतीय श्रेणी के पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस अमिनी की अगली पीढ़ी है, जिसे 2002 में सेवामुक्त कर दिया गया था, इस प्रकार यह विशिष्ट विरासत नामों को बनाए रखने की नौसैनिक परंपरा को जारी रखता है।

तुर्किये की करतूत: एर्दोगन राज में भारत विरोधी ताकतों को दिया मंच

आतंकी बुरहान की तस्वीर भी दिखाई, पीओके नरसंहार पर सभी लोग रहे मौन

कश्मीर पर हुआ सम्मेलन, पुरानी तस्वीरों से लोगों को 'बरगलाने' का प्रयास किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाने वाले तुर्किये के इस्तांबुल में कश्मीर पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें पाकिस्तान के राजनयिकों, कश्मीर अलगाववादी विचारों से जुड़े प्रतिनिधियों और विदेशी अकादमिक हस्तियों ने हिस्सा लिया।

इस मंच से भारत विरोधी ताकतों ने खूब जहर उगले। सम्मेलन के दौरान दिखाई गई तस्वीरों में आतंकी बुरहान वानी भी शामिल था। इसके अलावा सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी करते लड़कों और लड़कियों की फोटो, वीडियो भी यहां लगाई गई थी। सम्मेलन में कश्मीर को लेकर भारत की नीतियों, कथित मानवाधिकार उल्लंघनों और हिंदुत्व विचारधारा के प्रभाव जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इतना ही नहीं, कश्मीर के मुद्दे को फिलिस्तीन से जोड़कर पेश करने की भी कोशिश की गई।

आयोजन के जरिए कश्मीर के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने का किया प्रयास


इस्तांबुल में कश्मीर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

कश्मीर विवाद पर उगला जहर

पहले सत्र में कश्मीर विवाद का क्षेत्रीय स्थिरता पर असर, शांति और न्याय की संभावनाओं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर चर्चा हुई। दूसरे सत्र का विषय हिंदुत्व विचारधारा का क्षेत्रीय और वैश्विक प्रभाव रखा गया। इस दौरान कश्मीर और फिलिस्तीन के मुद्दों के बीच समानताएं और अंतर तलाशे गए। तीसरे सत्र में कश्मीर विवाद के अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवाधिकार से जुड़े पहलुओं पर चर्चा हुई। इस आयोजन के जरिए कश्मीर के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने और भारत की नीतियों पर सवाल खड़े करने की कोशिश की गई।

पीओके में हो रही हत्याओं पर साधी चुप्पी: इस आयोजन की खास बात यह रही कि मानवाधिकार की बात करने वाले इन एजेंडेबाज लोगों ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सेना की फायरिंग पर चुप्पी साध रखी।

तुर्किये जेनक्लिक वक्फी ने किया आयोजन

सम्मेलन का आयोजन तुर्किये के युवा संगठन 'तुर्किये जेनक्लिक वक्फी' ने अपने मुख्यालय में किया। कार्यक्रम में पाक के इस्तांबुल स्थित कॉन्सुल जनरल ख्वाजा खुर्रम नईम शामिल हुए। वर्ल्ड कश्मीर फ्रीडम मूवमेंट के अध्यक्ष डॉ. मुजम्मिल अय्यूब थाकुर, इस्लाम एंड ग्लोबल अफेयर्स सेंटर के निदेशक डॉ. सामी अल एरियन और तुर्किये रिसर्च फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डॉ. एनेस बायराकली भी मौजूद रहे। सम्मेलन में तीन सत्र आयोजित किए गए।

पत्रकार ने लगाई फटकार: पत्रकार राजा मुनीब ने लिखा कि एक दशक पुरानी तस्वीरों का इस्तेमाल करके किसी मरे हुए नैरेटिव को जिंदा रखने की कोशिश करना, खुद पाक और उसके प्यादों की हार है।

बलूच यकजेहती कमेटी का आरोप

बलूचिस्तान में बढ़ रहा अत्याचार पाक सेना ने 4 लोगों की हत्या की

एजेंसी ▶▶ क्वेटा

मानवाधिकार संगठन 'बलूच यकजेहती कमेटी' (बीवाईसी) ने आरोप लगाया कि बलूचिस्तान में पाकिस्तानी फोर्स ने कम से कम चार नागरिकों की गैर-न्यायिक हत्या कर दी।

60 वर्षीय दुकानदार इलाही बख्श और 32 वर्षीय ड्राइवर मुनीर अहमद को जबरन गायब कर दिया गया था। बाद में 2 नवंबर को उनके शव 'नाल' क्षेत्र के 'लाघोरजार्ड' इलाके में फेंक दिए गए। बीवाईसी के अनुसार, 30 अक्तूबर को पाकिस्तान फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) के जवानों ने इलाही बख्श को उनके घर से जबरन उठा लिया था, जिसके बाद से उनके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। मानवाधिकार संगठन ने कहा कि लोगों को जबरन गायब करना और बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के मार डालना, जीवन, स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा के मौलिक अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है।


एआई इमेज

सम्पादकीय

कारोबारियों के हित में दुनिया में स्थिरता

दुनिया का कारोबार युद्ध, टकराव और अनिश्चितता के सहारे नहीं, बल्कि शांति, स्थिरता और भरोसे के वातावरण में फलता-फूलता है। जब देशों के बीच तनाव बढ़ता है तो उसका असर केवल कूटनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि कच्चे तेल की कीमतों से लेकर माल ढुलाई, उत्पादन लागत, निर्यात और निवेश तक दिखाई देता है। इसके विपरीत, दुनिया में स्थिरता की उम्मीद भी बाजारों में नई ऊर्जा भर देती है। इसलिए दुनिया में स्थिरता होना कारोबारियों के हित में है। धनतेरस से ठीक पहले भारतीय शेयर बाजार में आई जोरदार तेजी इसी बदलते वैश्विक माहौल का संकेत है। पांच नवंबर को सेंसेक्स का 2009 अंक उछलकर 79,310 पर बंद होना और निफ्टी का 576 अंक चढ़कर 24,537 के स्तर पर पहुंचना केवल आंकड़ों का उछाल नहीं है, बल्कि निवेशकों के लौटते भरोसे की अभिव्यक्ति भी है। इस तेजी के पीछे अंतरराष्ट्रीय राजनीति की भी अहम भूमिका है। अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी को दोनों सदनों में झटका लगने से उनकी नीतियों और निर्णयों पर राजनीतिक अंकुश बढ़ने की संभावना है। इससे ट्रंप की मनमानी पर रोक लगेगी और दुनिया कुछ स्थिर हो सकेगी। अमेरिकी राजनीति में सत्ता के संतुलन का बदलना वैश्विक बाजारों के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। खासकर तब, जब दुनिया पहले से ही पश्चिम एशिया के तनाव और ईरान से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर चिंतित हो। कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी भी भारत जैसे आयात निर्भर देश के लिए राहत का संकेत है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने से देश का आयात बिल बढ़ता है, रुपये पर दबाव आता है और महंगाई को हवा मिलती है। इसके उलट तेल की कीमतों में गिरावट से सरकार, उद्योग और आम उपभोक्ता तीनों को राहत मिल सकती है। परिवहन, बिजली, उर्वरक, रसायन और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों की लागत घटने से कारोबारी गतिविधियों को गति मिल सकती है। इसका लाभ अंततः रोजगार और मांग बढ़ने के रूप में भी सामने आ सकता है। शेयर बाजार के साथ ही सर्राफा बाजार में भी चमक देखने को मिली है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,328 रुपये चढ़कर करीब 1.44 लाख रुपये पर पहुंच गया, जबकि एक किलो चांदी 1,749 रुपये चढ़कर 1.88 लाख रुपये पर हो गई है। भारतीय बाजार की तेजी का एक घरेलू आधार भी है। सितंबर तिमाही के कंपनियों के बेहतर नतीजों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है। रिलायंस, इंफोसिस और टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में मजबूती ने बाजार को सहारा दिया। विदेशी निवेशकों की वापसी की उम्मीद और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर में संभावित बदलाव की चर्चाओं ने भी निवेश धारणा को प्रभावित किया है। अमेरिकी मध्यावधि चुनाव का संदेश भी यही है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में संतुलन और जवाबदेही का महत्व केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आर्थिक निर्णयों और वैश्विक भरोसे को भी प्रभावित करता है। किसी एक देश की नीतियों का असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। ऐसे में भारत के कारोबारियों के हित में यही होगा कि वैश्विक शक्तियां युद्ध और व्यापारिक टकराव के बजाय सहयोग का रास्ता अपनाएं। कारोबारियों के लिए सबसे बड़ा उपहार शेयर बाजार के कुछ हरे निशान नहीं, बल्कि दुनिया में शांति, स्थिरता और भरोसे का स्थायी माहौल है। बाजार की तेजी का उत्सव मनाने के साथ यह समझना जरूरी है कि स्थायी आर्थिक समृद्धि के लिए वैश्विक शांति, नीतिगत स्थिरता और घरेलू कारोबार के अनुकूल वातावरण अनिवार्य हैं।



आर्थिकी


डॉ. जयंतीलाल भंडारी

दीपावली पर इस समय जब वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं के कारण दुनिया के अधिकांश देशों में महंगाई और मुश्किलों का परिदृश्य है, तब भारत में आम आदमी डिजिटल व्यवस्था से जुड़ी जनकल्याण योजनाओं से पूरी तरह लाभान्वित होकर महंगाई एवं मुश्किलों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए दिखाई दे रहा है। देश के गरीब वर्ग और छोटे किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था तक के लिए शुभ-लाभ का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। दीपावली की रोशनी में दिखाई दे रहे इस सकारात्मक परिदृश्य के पीछे भारत के डिजिटल विकास की अहम भूमिका है।

डिजिटल विकास से शुभ-लाभ का परिदृश्य

दीपावली पर इस समय जब वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं के कारण दुनिया के अधिकांश देशों में महंगाई और मुश्किलों के कारण निराशा का परिदृश्य है, तब भारत में आम आदमी डिजिटल व्यवस्था से जुड़ी जनकल्याण योजनाओं से पूरी तरह लाभान्वित होकर महंगाई एवं मुश्किलों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए दिखाई दे रहा है। देश के गरीब वर्ग और छोटे किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था तक के लिए शुभ-लाभ का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। दीपावली की रोशनी में दिखाई दे रहे इस सकारात्मक परिदृश्य के पीछे भारत के डिजिटल विकास की अहम भूमिका है। हाल ही में 3 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व बैंक की 'पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' रिपोर्ट के आंकड़ों का हवाला देते हुए पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत गरीबी उन्मूलन के साथ आर्थिक रूप से तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2011 से 2023 के दौरान भारत में लगभग 50 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी के चक्रव्यूह से बाहर निकले हैं। इस अवधि में अत्यधिक गरीबी की दर 27 प्रतिशत से उल्लेखनीय रूप से घटकर मात्र 2.6 प्रतिशत रह गई है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) और पारदर्शी नीतियों के कारण सरकारी योजनाओं का पैसा बिना किसी लीकेज या घोटाले के सीधे लाभार्थियों के खातों तक पहुंच रहा है। साथ ही डिजिटल प्रणाली के कारण भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की उभरते हुए देशों में सबसे तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत का मजबूत होता डिजिटल ढांचा भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को नई शक्ति देते हुए आर्थिक प्रगति का इंजन बन गया है। हाल ही में प्रकाशित केयरएज ग्लोबल रेटिंग्स की ताजा रिपोर्ट ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत का डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) तंत्र दुनिया के 10 सबसे असरदार संरचनात्मक सुधारों में शामिल हो चुका है। वैश्विक स्तर पर 38 देशों के 43 प्रमुख सुधारों का गहन अध्ययन करने के बाद जारी की गई इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत के इस अभूतपूर्व डिजिटल ढांचे ने न केवल आम नागरिकों के लिए प्रशासनिक और बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाया है, बल्कि लेन-देन की लागत में भी ऐतिहासिक कटौती की है। इस समावेशी डिजिटल तंत्र ने देश में वित्तीय समावेशन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और असंगठित एवं अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के औपचारिकीकरण को एक तीव्र गति प्रदान की है। निसंदेह भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से बदलते परिदृश्य में डिजिटल क्रांति अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हाल ही में जारी 'स्टेट ऑफ इंडियाज डिजिटल इकोनॉमी 2026' रिपोर्ट—जिसे इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस (आईसीआरआईईआर) और अंग्रेजी प्रोसस द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किया गया है, के अनुसार भारत अब विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया है। इस रिपोर्ट से यह स्पष्ट रूप से उजागर होता है कि भारत ने अपनी डिजिटल कार्यक्षमता, नेटवर्क कवरेज और तकनीकी प्रदर्शन में



जर्मनी, फ्रांस, जापान और कनाडा जैसे कई विकसित राष्ट्रों को पीछे छोड़ दिया है। वर्तमान में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान लगभग 12 से 13 प्रतिशत है, जिसके आगामी एक दशक में बढ़कर 20 प्रतिशत होने का अनुमान है, जबकि भारत का डिजिटल रूप से प्रदत्त व्यापार (जैसे सॉफ्टवेयर, डेटा और क्लाउड सेवाएं) 328 अरब डॉलर के विशाल स्तर को पार कर चुका है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत का डिजिटल विकास देश की आर्थिक प्रगति का नया आधार बन गया है। बीते एक दशक में भारत ने जिस तीव्र गति, दूरदर्शिता और नवाचार के साथ अपने डिजिटल तंत्र का विस्तार किया है, उसने देश के आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। 'डिजिटल इंडिया' अभियान से आरंभ हुई यह यात्रा आज दुनिया के सबसे बड़े और सबसे सफल 'डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना' के निर्माण तक पहुँच चुकी है। जहां दुनिया के कई विकसित देश डिजिटल ढांचा तैयार करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं भारत के इस अभूतपूर्व डिजिटल अभियान की मजबूत रीढ़ 'इंडिया स्टैक' है। यह तीन प्रमुख और परस्पर जुड़े स्तंभों- आधार (सर्वस्वीकृत बायोमेट्रिक पहचान), यूपीआई तथा डिजीलॉकर एवं अकाउंट एग्रीगेटर पर टिका हुआ है। इस तकनीकी रीढ़ को जमीनी स्तर पर मजबूती देने में 'जैम ट्रिनिटी' (जन धन, आधार और मोबाइल) की भूमिका ऐतिहासिक रही है। इसने देश के करोड़ों असंगठित, निर्धन और वंचित नागरिकों को सीधे मुख्यधारा की औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है। सस्ते हाई-स्पीड इंटरनेट डेटा, 5जी नेटवर्क के तीव्र प्रसार और किफायती स्मार्टफोन की व्यापक उपलब्धता ने इस डिजिटल ढांचे को देश के अंतिम गांव तक पहुंचा दिया है। निश्चित रूप से भारत की डिजिटल प्रणाली की सफलता का मूल कारण विभिन्न सरकारी संस्थानों, नियामकों, बैंकों और तकनीकी संस्थाओं के बीच का बेहतर तालमेल और रणनीतिक सहयोग रहा है।

भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे की सफलता का सबसे व्यापक और सकारात्मक प्रभाव सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र तथा छोटे व्यापारियों पर देखा गया है। इससे व्यापार में पारदर्शिता बढ़ी है और देश का कर आधार व्यापक हुआ है। डिजिटल विकास ने भारत को विश्व का तीसरा सबसे बड़ा 'स्टार्टअप इकोसिस्टम' बना दिया है। फिनटेक, एड-टेक, हेल्थ-टेक और एग्री-टेक जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअप्स न केवल क्रांतिकारी तकनीकी सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं, बल्कि बड़े पैमाने पर नए रोजगार सृजित कर भारी मात्रा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी आकर्षित कर रहे हैं। इसके साथ ही, 'डिजिटल वाणिज्य के लिए खुला नेटवर्क' (ओएनडीसी) जैसी दूरदर्शी पहलों ने ई-कॉमर्स क्षेत्र में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के एकाधिकार को सीधी चुनौती दी है। निश्चित रूप से डिजिटल कनेक्टिविटी के कारण अब टियर-2 और टियर-3 शहरों तथा ग्रामीण इलाकों के उद्यमी देश की मुख्यधारा की जीडीपी वृद्धि में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं। उम्मीद करें कि भारत 'इंडिया एआई मिशन' के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता में भारी निवेश, 6जी अनुसंधान में अग्रणी भूमिका, सेमीकंडक्टर निर्माण के माध्यम से हार्डवेयर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सुरक्षित डेटा भंडारण के लिए विशाल डेटा सेंटरों का निर्माण तेजी से बढ़ाएगा। उम्मीद करें कि सरकार डिजिटल बढ़त को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए साइबर सुरक्षा को और अधिक अभेद्य बनाने, डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम का जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ाने की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

धनतेरस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



पहला सुख निरोगी काया

दूसरा सुख घर में माया

भी पहला सुख निरोगी काया, दूसरा सुख घर में माया। इसी माहात्म्य को दृष्टिगत रखते हुए धनतेरस का महापर्व हम धूमधाम से मनाते है। इस वर्ष धनतेरस पांच दिन तक चलने वाले दिवाली पर्व का पहला दिन है। यह पर्व उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुख-समृद्धि की मंगलकामना का प्रतीक है। हिंदू धर्म में धनतेरस के त्योहार का बड़ा महत्व है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर आने वाला ये त्योहार इस साल 6 नवम्बर को मनाया जा रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष त्रयोदशी तिथि 6 नवंबर को सुबह 10 बजकर 30 मिनट से शुरू होकर 7 नवंबर की सुबह 10 बजकर 47 मिनट तक रहेगी। ऐसे में धनतेरस का पर्व 6 नवंबर, शुक्रवार को मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान धन्वंतरि सागर मंथन के दौरान हाथ में कलश लिए उत्पन्न हुए थे। भगवान धन्वन्तरि आयुर्वेद जगत् के प्रणेता तथा वैद्यक शास्त्र के देवता माने जाते हैं। धनतेरस को स्वास्थ्य के देवता धन्वन्तरि का दिवस माना जाता है।

धन्वन्तरि आरोग्य, सेहत, आयु और तेज के आराध्य देवता हैं। माना जाता है कि यदि धनतेरस के दिन विधिपूर्वक भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाए तो वे प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। ऐसे में परिवार के लोग निरोगी रहते हैं। स्कंद पुराण के मुताबिक समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे। जब वह प्रकट हुए तो उनके हाथ में अमृत कलश और पीतल के आभूषण थे। इसलिए धनतेरस पर भगवान की पूजा के साथ बर्तन या किसी पीली धातु को जरूर खरीदा जाता है। भगवान धन्वंतरि विष्णु के अवतार थे और जब समुद्र मंथन हुआ था तो भगवान धन्वंतरि के साथ शरद पूर्णिमा को चंद्रमा, कार्तिक द्वादशी के दिन कामधेनु गाय, त्रयोदशी के दिन धन्वंतरि, चतुर्दशी के दिन मां काली और अमावस्या के दिन मां लक्ष्मी का जन्म हुआ था। इसलिए दिवाली से पूर्व धनतेरस मनाया जाता है। यह सर्वविदित है कि जहां स्वास्थ्य होता है वहीं लक्ष्मी का वास इसलिए भगवान धनवंतरि की जहां पूजा होती है, मां लक्ष्मी वहां अपने आप आ जाती हैं, ऐसा पौराणिक मान्यताओं में कहा गया है। इसलिए धनतेरस पर धनवंतरि, कुबेर और लक्ष्मी मां की पूजा जरूर करनी चाहिए। भारत में कई मंदिरों को भगवान धन्वन्तरि मंदिर के रूप में बनाया गया है। तमिलनाडु के वालाजपत में श्री धन्वंतरि आरोग्यपीदम मंदिर स्थापित है। इस आरोग्य मंदिर का निर्माण श्रीमुरलीधरस्वामिगल ने करवाया था। मध्य प्रदेश के मंदसौर में स्थापित तक्षकेश्वर मंदिर में नागराज तक्षक और आरोग्य देव धन्वंतरि की मूर्ति स्थापित है। इस मंदिर के निर्माण के पीछे महाराज परीक्षित की सर्प काटने से मृत्यु और फिर उनके पुत्र जन्मेजय द्वारा नागों से प्रतिशोध की पौराणिक कथा जुड़ी है। कोयंबटूर में स्थित श्री धन्वंतरी मंदिर तमिलनाडु में एक और लोकप्रिय भगवान धन्वंतरी जी का मंदिर है।

भगवान धन्वंतरि के सबसे प्रमुख और प्राचीन मंदिरों में से एक है नेल्लुवाई का धन्वंतरि मंदिर। किंवदंती में कहा गया है कि मंदिर में मूर्ति अश्विनी देवों द्वारा स्थापित की गई थी और यह वही मूर्ति थी जिसकी श्री द्वारा पूजा की जाती थी। पेरिंगवे में श्री धन्वंतरि मंदिर केरल में त्रिशूर शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक और पुराना धन्वंतरि मंदिर है। मंदिर का गर्भगृह 2 मंजिलों के साथ गोल आकार में बनाया गया है, जो अन्य केरल शैली की वास्तुकला के विपरीत एक दुर्लभ डिजाइन है। थोट्टुवा श्री धन्वंतरि मंदिर भारत के कुछ भगवान धन्वंतरि मंदिरों में से एक है। इस मंदिर के पीठासीन देवता धन्वंतरि हैं और उनकी मूर्ति लगभग छह फीट लंबी और पूर्व की ओर उन्मुख है। श्री रुद्र धन्वंतरि मंदिर जो लगभग 3500 वर्ष पुराना है, पुलमंथोले के केंद्र में स्थित है। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में स्थित राजबाड़ा के पास आड़ा बाजार में भगवान धन्वंतरि का 180 साल पुराना मंदिर है, जहां धनतेरस पर बड़ी संख्या में इंदौर के अधिकतर वैद्य और अन्य लोग दर्शन के लिए सुबह से आना शुरू हो जाते हैं। भारत के पूर्वी तट पर पूर्वी गोदावरी क्षेत्र में एक धन्वंतरि मंदिर है।

यह आंध्र प्रदेश का सबसे पहला धन्वंतरि को समर्पित मंदिर है। धनतेरस पर लोग अपने घरों में दीपक जलाते हैं। भगवान धन्वंतरि की पूजा करते हैं। पौराणिक मान्यता है जो भी धनतेरस पर भगवान कुबेर, मां लक्ष्मी संग धन्वंतरि की पूजा करता है, उसका घर हमेशा धन-धान्य, सुख-सुविधा और वैभव से परिपूर्ण रहता है। धनतेरस पर ज्यादातर लोग सोने-चांदी से बनी चीजों को प्रमुखता से खरीदते हैं और इसके लिए शुभ मुहूर्त पर विचार करते हैं। धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में सोने-चांदी से बने बर्तन या आभूषण खरीदने पर बहुत ही शुभ परिणाम प्राप्त होता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ज्ञान का अभिषेक



अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है।



संकलित


दर्शन

श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो।

मृत्यु के बाद के साथी



एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुंचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे?



संकलित

प्रेरणा

पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूं। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूं। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूंगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूंगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय के साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

गलत खान-पान का शिकार होता दिल

स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है, लेकिन अफसोस आज हमने आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में इस सच्चे धन की परवाह करना ही छोड़ दिया है, इस कारण आज दुनिया में जानलेवा बीमारियों का दायरा बढ़ता जा रहा है, विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनियाभर में बहुत से लोगों की मौत हार्ट अटैक से होती है। आज दुनियाभर में दिल की बीमारी के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है और इसका शिकार अब उम्रदराज लोग ही नहीं, बल्कि युवा और बच्चे भी हो रहे हैं। अगर दिल की बीमारियों से बचना है तो इसके लिए सबसे पहले अपने खान-पान और जीवनशैली पर ध्यान देना होगा, चिंता और तनाव से बचना होगा, प्रकृति के साथ जुड़ना होगा और साफ सफाई का भी ख्याल रखना होगा। - मोनिका, करनाल

ट्रेंड

श्रद्धांजलि



भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें मेरी श्रद्धांजलि। अपने हृदयस्पर्शी संगीत के माध्यम से, उन्होंने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का बहुत ही सुंदर ढंग से जश्न मनाया।
- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

लोकतंत्र राष्ट्रीय शक्ति



लोकतंत्र हमारी राष्ट्रीय शक्ति है, जो जनता के विश्वास, संवैधानिक नियमों के पालन और जनादेश के सम्मान पर टिकी है। 'इंडिया' गठबंधन, जिन्हें जनता ने नकार दिया है, भारत के महान लोकतंत्र को अराजकता, अस्थिरता और अव्यवस्था की आग में झोंकने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। - योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

बेटियों का स्वाभिमान



दिल्ली पुलिस द्वारा अंकिता भंडारी के माता-पिता के साथ की गई बर्बरता, अमानवीय व्यवहार ने पूरे देश की बेटियों के स्वाभिमान को झकझोर कर रख दिया है। भाजपा के संवेदनहीन शासक कब तक चुप रहेंगे? क्या बेटी के लिए न्याय माँगना कोई अपराध है?
- डिंपल यादव, सांसद, सपा

युवाओं में प्रतिभा



देश के युवाओं में प्रतिभा, क्षमता और राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा है, लेकिन भाजपा सरकार उनकी इस क्षमता को पहचानने और उसका सही इस्तेमाल करने में विफल रही है। 'अग्निपथ' योजना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।
- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री



करंट अफेयर

इथियोपिया ने दिया सूडान के दूतावास को बंद करने का आदेश

इथियोपिया ने सूडान से सटी सीमा के निकट स्थित अपने पश्चिमी शहर असोसा में सूडान के वाणिज्य दूतावास के छह कर्मचारियों को निष्कासित कर दिया है और दूतावास को बंद करने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम को दोनों अफ्रीकी देशों के बीच बढ़ते कूटनीतिक तनाव के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम सूडान के उन आरोपों के बीच उठाया गया है, जिनमें उसने कहा था कि उसके बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे ड्रोन इथियोपिया के क्षेत्र से उड़ाए जा रहे हैं। सूडानी कर्मचारियों का निष्कासन इथियोपिया द्वारा एक अक्टूबर को इरीट्रिया के 10 राजनयिकों को देश छोड़ने का आदेश देने और वहां स्थित अपना दूतावास बंद करने के फैसले के बाद हुआ है। इसके जवाब में इरीट्रिया ने इथियोपिया के साथ कूटनीतिक संबंध तोड़ लिए थे। इथियोपिया ने पिछले महीने मिस्र के एक राजनयिक को भी निष्कासित किया था। नील नदी पर इथियोपिया द्वारा बनाए गए विशाल बांध को लेकर मिस्र के साथ उसके संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं। मिस्र को आशंका है कि इस बांध से उसकी जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है। इथियोपिया के एक खुफिया अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि सूडान के वाणिज्य दूतावास के छह कर्मचारियों को देश छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया था।

ऑफ बीट


कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों होते हैं

ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे: खगोलशास्त्री संभवतः इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।

खबर संक्षेप

दिल्ली में गांधी नगर का कपड़ा मार्केट जला

गांधीनगर। यहां के शांति मोहल्ला स्थित कपड़ा मार्केट में शुक्रवार को आग लगने की घटना सामने आई।



आग की लपटें उठती देख बाजार में मौजूद दुकानदारों और स्थानीय लोगों में हलचल बढ़ गई। दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। आग को नियंत्रित करने के प्रयास में जुटे हैं। कारणों का पता नहीं चल पाया है।

दिवाली पर दिल्ली मेट्रो सुबह 6 बजे से दौड़ेंगी

नई दिल्ली। दिवाली के अवसर पर दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने मेट्रो परिचालन के समय में बदलाव किया है।



रविवारको सभी मेट्रो लाइनों पर रात की आखिरी ट्रेन सामान्य समय रात 11 बजे के बजाय एक घंटे पहले रात 10 बजे टर्मिनल स्टेशनों से रवाना होगी। इसमें एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन भी शामिल है।3 मेट्रो लाइनों पर सेवा भी एक घंटे पहले शुरू की जाएगी।

पेरियार नॉलेज वर्ल्ड की खरीद में घोटाला: विजय

चेन्नई। तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कोयंबटूर में 'पेरियार नॉलेज वर्ल्ड' के लिए किताबें खरीदने में पिछली डीएमके सरकार के दौरान भ्रष्टाचार हुआ था। प्रोफेसर पेरुमल मुरुगन ने पर्दाफाश किया है और उनकी तारीफ की जानी चाहिए। डीएमके को भ्रष्टाचार की जड़ बताते हुए कहा वह भ्रष्टाचार में डूबी रहती है।



ट्रक की चपेट में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, 5 की मौत

सीतापुर। जिले के पिसावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिहानी मार्ग पर कुलहाघाट के पास शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मुंडन संस्कार से लौट रहे लोगों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से आ रहे एक बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर 5लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।



जेएसएससी व सीजीएल परीक्षा रद्द,फैसला निरस्त

रांची। भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं के खिलाफ अभ्यर्थियों के विरोध प्रदर्शन के बीच झारखंड उच्च न्यायालय ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय (जेएसएससी-सीजीएल) परीक्षा को रद्द करने संबंधी राज्य सरकार की अधिसूचना को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने कहा कि निर्णय 'अन्यायपूर्ण और अनुचित' था।



केंद्रीय गृह मंत्री ने जनता से अपील, 65 से ज्यादा सीटें जिताएं

देहरादून में शाह ने विपक्ष पर किया प्रहार

कांग्रेस ने चीन के डर से सड़कें नहीं बनवाई, हमने सीमा की सुरक्षा की



राज्य स्थापना दिवस समारोह में 1,475.31 करोड़ की 62 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

कांग्रेस ने राज्य को 'मनीऑर्डर अर्थव्यवस्था' और पलायन के भरोसे छोड़ा था

एजेंसी ▶▶ देहरादून

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड की जनता से अगले साल की शुरुआत में प्रस्तावित राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा को 65 से अधिक सीटें जिताकर लगातार तीसरी बार पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा उत्तराखंड को सुरक्षित, समृद्ध और देश की सांस्कृतिक राजधानी बनाना चाहती है। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के तहत 1,475.31 करोड़ की 62 योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर परेड ग्राउंड में शाह ने कहा कि असम, गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, गोवा और महाराष्ट्र में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक लगा चुकी है। अब उत्तराखंड की बारी है। उन्होंने कहा कि 2017 में जब मैं पार्टी का अध्यक्ष था, तब आपने 46 प्रतिशत वोट देकर भाजपा को 57 सीटें दी थीं। 2022 में 44 प्रतिशत वोट के साथ 47 सीटें दीं। लेकिन इस बार इससे काम नहीं चलेगा। हमें 65 पार का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना है। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने चीन के डर से सड़कें नहीं बनवाई। हमने सीमा की सुरक्षा की।

शाह ने कहा कि भाजपा इस सीमांत राज्य को सुरक्षित, समृद्ध और देश की सांस्कृतिक राजधानी बनाना चाहती है। इन तीनों उद्देश्यों के लिए हमें आपका जनादेश और आशीर्वाद चाहिए। शाह ने आरोप लगाया कि उसने वर्षों तक उत्तराखंड को 'मनीऑर्डर अर्थव्यवस्था' और पलायन के भरोसे छोड़ दिया। कोई काम नहीं किया।



परेड ग्राउंड में समारोह के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्वागत किया

अब देश के साथ कोई दुस्साहस नहीं करेगा

शाह ने कहा कि भारत के साथ दुस्साहस करने वालों को केंद्र सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'सर्जिकल स्ट्राइक' के जरिए उनके घर में घुसकर जवाब दिया। उन्होंने कांग्रेस पर आतंकवाद को रोकने में विफल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने इसे समाप्त करने की दिशा में कठोर कदम उठाए हैं। शाह ने 'वाइब्रेंट विलेज' योजना का उल्लेख करते हुए कहा किमोदी सरकार ने सीमावर्ती गांवों को देश का पहला गांव माना है।

धामी सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही

शाह ने प्रदेश में केंद्र सरकार की विभिन्न परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। इनमें दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारा, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना और केदारनाथ एवं हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाएं शामिल हैं। केंद्र में मोदी और प्रदेश में धामी सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही हैं।

कांग्रेस निकाल रही 'घुसपैठिया बचाओ' यात्रा

एसआईआर को लेकर कांग्रेस के विरोध पर शाह ने कहा कि राहुल गांधी की 'वोट बचाओ यात्रा' वास्तव में 'घुसपैठिया बचाओ' यात्रा है। उन्होंने कांग्रेस पर घुसपैठ को बढ़ावा देने, तुष्टीकरण की राजनीति करने, शुक्रवार की नमाज के लिए छुट्टी का प्रस्ताव लाने, राम मंदिर का विरोध करने, भ्रष्टाचार और घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया।

राज्य में यूसीसी लागू किया

शाह ने दावा किया कि भाजपा ने 10 वर्षों में जनता को भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है। यूसीसी पर उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने के बाद प्रदेश में किसी को 4 शादियां करने या 'तीन तलाक' के जरिए किसी महिला का अपमान करने की अनुमति नहीं है।

कांग्रेस मुस्लिम विश्वविद्यालय की वकालत करेगी

शाह ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो मुस्लिम विश्वविद्यालय की वकालत करेगी, जबकि भाजपा सरकार अवैध मजारों और मदरसों को हटाकर प्रदेश को अतिक्रमण से मुक्त करेगी। उन्होंने लोगों से कहा कि उन्हें तय करना है कि उन्हें भाजपा की विकास करने वाली सरकार चाहिए या भ्रष्टाचार करने वाली सरकार। शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में भाजपा कार्यकर्ता उत्तराखंड के नागरिकों से घर-घर जाकर संपर्क करेंगे।

वोटर लिस्ट से नाम कटने वालों को राहत

दोबारा फॉर्म भरने का मिलेगा मौका, ईसी ने प्रक्रिया सरल की

राहत उन्हें मिलेगी, जिन्हें गणना फॉर्म जारी किए गए थे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जिन मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं हो पाए हैं, उन्हें चुनाव आयोग ने एक और मौका देने का फैसला किया है। यह राहत उन लोगों को मिलेगी, जिन्हें गणना फॉर्म जारी किए गए थे, लेकिन अनुपस्थित, दूसरी जगह शिफ्ट होने, मृत या डुप्लीकेट दर्ज किए जाने के कारण उनके नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं आ सके। आयोग ने ऐसे मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए नई व्यवस्था तय की है। आयोग ने शुक्रवार को इस संबंध में दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना और नगालैंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए। आयोग ने कहा है कि ऐसे सभी मतदाताओं को अपना नाम जुड़वाने के लिए एक और अवसर दिया जाए। इसके लिए बूथवार सूची तैयार होगी और संबंधित मतदान केंद्रों के साथ पंचायत भवनों, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों और ब्लॉक विकास अधिकारियों के कार्यालयों में भी प्रदर्शित की जाएगी।

बीएलओ घर-घर पहुंचेंगे, आनलाइन भी दे सकेंगे

जिन मतदाताओं के नाम एसडीडी श्रेणी में दर्ज हैं, उन्हें गणना फॉर्म दोबारा जमा करने का अवसर मिलेगा। जिन लोगों के फॉर्म अधूरे हैं, उनके लिए भी नई व्यवस्था की गई है। संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के डैशबोर्ड पर ऐसे फॉर्म दोबारा तैयार किए जाएंगे। बीएलओ मतदाताओं तक फॉर्म पहुंचाने के लिए घर-घर जाएंगे और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की भी मदद लेंगे। जहां संपर्क की जानकारी उपलब्ध होगी, वहां वॉट्सएप, ईमेल और एसएमएस के जरिए भी फॉर्म भेजे जा सकेंगे। मतदाता अपने पुराने ईपीआईसी नंबर से वेबसाइट पर फॉर्म डाउनलोड करके भर सकते हैं।

फार्म जमा न करने का कारण बताना होगा

आयोग ने उन मतदाताओं के लिए अलग प्रक्रिया तय की है, जो अपने पुराने पते पर ही रह रहे हैं। ऐसे लोगों को भरा हुआ और हस्ताक्षर किया गया गणना फॉर्म जमा करना होगा। इसके साथ उन्हें यह बताना होगा कि पहले फॉर्म क्यों जमा नहीं हो पाया था। इसके लिए आयोग ने अनुलग्नक-बी का प्रारूप दिया है। मतदाता इसे संबंधित ईआरओ, सहायक ईआरओ या बीएलओ को खुद या परिवार के किसी सदस्य के जरिये सौंप सकते हैं। इसे ईसीआईनेट पर ई-साइन के साथ जमा करने की सुविधा भी होगी।

हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

बीएसई व अमिताभ बच्चन का बंगला भी निशाने पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बम की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में अलर्ट हो गई हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट को ईमेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस ईमेल में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज , वर्ली रेसकोर्स और बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को भी निशाना बनाने की बात कही गई है। मुंबई में ह बच्चन के2 बंगले हैं। एक प्रतीक्षा और दूसरा जलसा। मुख्य मकसद यह पता करना है कि धमकी किसने भेजी और इसके पीछे क्या मंशा है। पुलिस ने फिलहाल विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। जांच जारी है और आगे की जानकारी मिलने का इंतजार है।





पुलिस ई- मेल भेजने वाले को तलाश रही

धमकी भरे ईमेल में मुंबई की चार प्रमुख जगहों का जिक्र किया गया है। मुंबई पुलिस और दूसरी सुरक्षा एजेंसियां ईमेल भेजने वाले का पता लगाने में जुटी हैं। जांच का

झारखंड के खूंटी में सड़क हादसा

स्कूटी सवार को बचाने दौड़े लोगों को ट्रेलर ने रौंद दिया, 7 की मौत

एजेंसी ▶▶ खूंटी

झारखंड के खूंटी जिले से रोंगटे खड़े कर देने वाला दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। कर्रा थाना क्षेत्र स्थित कोशांबी कॉलोनी के पास गुरुवार रात एक बेकाबू 18 चक्का ट्रेलर ने सड़क पर मौजूद लोगों को बुरी तरह रौंद दिया। दुर्घटना में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।





प्रधानमंत्री, सीएम ने की आर्थिक मदद की घोषणा

रात करीब सवा 10 बजे एक स्कूटी सवार सड़क किनारे झाड़ियों में गिर गया था। शोर सुनकर ग्रामीण बचाने के लिए घरों से बाहर निकले। कुछ युवक झाड़ी में फंसे स्कूटी सवार को बाहर निकालने में जुटे थे। तोरपा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़े 9 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आर्थिक मदद की घोषणा की है।

कर्मभूमि एक्सप्रेस के 4 डिब्बे जले



पटियाला में मची अफरा तफरी, सभी यात्री सुरक्षित

पटियाला। अमृतसर की ओर आ रही कर्मभूमि एक्सप्रेस के 4 जनरल कोचों में शुक्रवार दोपहर आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन नंबर 12508 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी कर्मभूमि एक्सप्रेस शुक्रवार दोपहर 12 :58 बजे फतेहगढ़ साहिब जिले के साधुगढ़ रेलवे स्टेशन से रवाना हुई थी।कुछ ही समय बाद राजपुरा के नजदीक ट्रेन के जनरल कोचों में आग लग गई। ट्रेन के डिब्बों से धुएं का गुबार और आग की लपटें उठती देख यात्रियों में चीख-पुकार शुरू हो गई। रेलवे कर्मचारियों, पुलिस और दमकल विभाग की टीमों ने राहत एवं बचाव अभियान चलाया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा- संविधान सर्वोपरि

कांग्रेस की केरलम इकाई पर क्यों न कार्रवाई की जाए?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता 'राजनीतिक सुविधा' का विषय नहीं है और इसी के साथ उसने (सीजेआई) सूर्यकांत को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर की गयी एक पोस्ट को लेकर केरलम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के सभी पदाधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि संविधान सर्वोच्च है और कोई भी व्यक्ति या राजनीतिक संगठन इससे ऊपर नहीं है। पीठ ने कहा किफैसलों की हमेशा आलोचना की जा सकती है। लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता न्याय प्रशासन में हस्तक्षेप करने के लिए डराने-धमकाने का माध्यम नहीं बन सकती।

खास बातें

- जवाब दे राज्य सरकार
- न्याय क्षेत्र को कमजोर कर रहे
- कोई भी संविधान के ऊपर नहीं हो सकता

राज्य के सभी पदाधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किया

कोर्ट के अधिकार को किसी के भी समर्थन की जरूरत नहीं



कोई व्यक्ति कितने भी ऊंचे पद पर क्यों न हो, अदालत के अधिकार को कमजोर करने की किसी भी कोशिश से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि अदालत के अधिकार को किसी राजनीतिक समर्थन की जरूरत नहीं है, बल्कि यह कानून के शासन पर आधारित है। जहां न्याय प्रशासन की व्यवस्था स्थापित है, वहां कानून को अपना काम करना चाहिए।

केरल कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बिना शर्त माफी मांगी



माफी या अवमानना से जुड़े हालिया मामलों में सीधा संबंध कर्नाटक या कांग्रेस से यह है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सीजेआई के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई एक आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। केरल कांग्रेस के एक्स से सीजेआई के खिलाफ एक पोस्ट की गई थी। नोटिस जारी किए जाने के बाद, केरल कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बिना शर्त माफी मांगी है।

अग्निवीरों पर सीजेपी का सवाल

सरकार डरी, केंद्र सरकार का 'मास्टरस्ट्रोक यू-टर्न' बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेनाओं में भर्ती अग्निवीरों के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। भारत सरकार ने अग्निवीरों के पहले बैच की सेवा की अवधि दो साल और बढ़ा दी है। जिस पर विपक्ष उन्हें मास्टरस्ट्रोक बता रहा है। सीजेपी के नेता सौरव दास ने भी मोदी सरकार पर अग्निवीरों की सेवा 2 साल और बढ़ाने पर तंज कसा है। सौरव ने सोशल मीडिया पर अग्निवीरों की सेवा 2 साल और बढ़ाने वाला पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, मोदी सरकार का एक मास्टरस्ट्रोक यू-टर्न।



रांका ने योजना पर उठाए सवाल

आशुतोष रांका ने भी अग्निवीर योजना को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, तो क्या कोई मुझे बता सकता है कि आखिर यह योजना शुरू ही क्यों की गई थी?केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और सीडीएस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अग्निवीरों को लेकर बड़ा फैसला लिया है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, चहक अग्रवाल, पुत्री श्री नितिन अग्रवाल, निवासी मकान नं. 8/5, आकाशवाणी रोड, ग्रामीण बैंक के सामने, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड नं. 09, नवापारा, अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छत्तीसगढ़) 497001, एतद् द्वारा घोषित करती हूँ कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा जारी मेरी कक्षा 10वीं की अंकसूची में मेरा उपनाम गलत रूप से "AGARWAL" अंकित है।

मेरे उपनाम की सही वर्तनी "AGRAWAL" है तथा मेरा सही पूरा नाम चाहक अग्रवाल (CHAHAK AGRAWAL) है। मेरे विद्यालय के मूल अभिलेखों में मेरे उपनाम की सही वर्तनी दर्ज है।

अतः संबंधित अधिकारियों से अनुरोध है कि अभिलेखों के सत्यापन के उपरांत मेरी अंकसूची में उपनाम की वर्तनी में आवश्यक सुधार किया जाए।

चहक अग्रवाल
पुत्री श्री नितिन अग्रवाल
मकान नं. 8/5, आकाशवाणी रोड, ग्रामीण बैंक के सामने, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड नं. 09, नवापारा, अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छत्तीसगढ़) 497001

धनतेरस पर प्रयागराज में छाई धुंध, 200 के पार पहुंचा-एक्यूआई

दिवाली से पहले बिगड़ी हवा; दिन में तेज धूप, सुबह-शाम हल्की ठंड

प्रयागराज ,धनतेरस के दिन भी वायु प्रदूषण से राहत नहीं मिली।दिवाली से पहले शहर की हवा लगातार खराब हो रही है। शुक्रवार सुबह से ही कई इलाकों में आसमान पर धुंध छाई रही। वातावरण में धुएं जैसी हल्की परत दिखाई दी। नगर निगम के मॉनिटरिंग स्टेशन पर गुरुवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 196 दर्ज किया गया था। वहीं, कुछ अन्य मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म पर यह 200 के पार पहुंच गया।



सुबह-शाम स्मॉग की परत, आंखों में जलन का खतरा

दिवाली से पहले बढ़ते प्रदूषण का असर अब साफ दिखाई देने लगा है।सुबह और शाम के समय धुंध और स्मॉग की परत नजर आ रही है।हवा में 2.5 और 10 कणों की मात्रा बढ़ने से लोगों को आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में परेशानी हो सकती है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों पर पड़ सकता है।

दिन में तेज धूप, रात में और बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक, अगले कुछ दिनों तक आसमान साफ रहने और दिन में तेज धूप निकलने की संभावना है। हालांकि, सुबह हल्की धुंध छाई रह सकती है। अधिकतम तापमान 30 से 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 से 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। 9 और 10 नवंबर तक रात के तापमान में और गिरावट हो सकती है। हवा में नमी का स्तर करीब 79 प्रतिशत रहने की संभावना है ।प्रदूषण से बचने के लिए बरतें सावधानीखराब हवा को देखते हुए बच्चों, बुजुर्गों और सांस के मरीजों को सुबह-शाम अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचना चाहिए।

महिला की सिलबट्टे से चेहरा कूंचकर हत्या


दूसरे युवक से था अवैध संबंध, मौके पर मिले 6 ग्लव्स

प्रयागराज ,महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पति ने सिलबट्टे से महिला के चेहरे को बुरी तरह कुचल दिया। उसके दोनों आंखों और माथे पर ताबड़तोड़ वार किए गए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। महिला का किसी दूसरे युवक से अवैध संबंध था। इसी लेकर हत्या की गई है। मौके से 6 ग्लव्स मिले है। पुलिस को शक है कि पति ने ग्लव्स पहन कर हत्या की है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शक के आधार पर महिला के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में पति-पत्नी के बीच विवाद की बात सामने आई है। घटना पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मन्दरी गांव की है। पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है ।मायके वाले ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर भी आरोप लगा रहे हैं और उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने के बाहर प्रदर्शन भी किया है। अब पढ़िए पूरा मामला



बिजमा देवी, मृतक

मृतका की पहचान बिजमा देवी (28) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से कौशांबी जिले के चरवा थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव की रहने वाली थी। करीब 10 वर्ष पहले उसकी शादी पूरामुफ्ती के मंदरा गांव निवासी सुमन कुमार से हुई थी। दोनों के तीन छोटे बच्चे हैं। बड़ी बेटी चार वर्ष की है, जबकि अन्य दो बच्चों की उम्र तीन और दो वर्ष बताई जा रही है। रात 2:30 बजे मिली हत्या की सूचना गुरुवार रात करीब 2:30 बजे डायल-112 को सूचना मिली कि मंदरा गांव में एक महिला की घर के भीतर हत्या कर दी गई है। सूचना पर सबसे पहले डायल-112 की टीम और उसके बाद पूरामुफ्ती पुलिस मौके पर पहुंची। घर के अंदर महिला का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। पुलिस ने तत्काल घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू की और संदेह के आधार पर पति सुमन कुमार को हिरासत में ले लिया। तीन दिन पहले ही मायके से लौटी थी महिला पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि पत्नी किसी दूसरे युवक से अवैध संबंध था, इसका पता पति को चल गया था। इसी बात को बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरुवार रात भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। यह भी जानकारी मिली है कि तीन दिन पहले ही सुमन अपनी पत्नी को उसके मायके से वापस लेकर आया था। मायके वालों को सुबह दी गई सूचना घटना के बाद पुलिस ने सुबह मृतका के मायके वालों को सूचना दी। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया।



'रामायण' हिंदी में दिखेगी पूरी, काटे गए गाने-सीन

मुंबई। रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश ने 'रामायण' के नए अंतरराष्ट्रीय संस्करण पर चर्चा की है। अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए, फिल्म के अंग्रेजी संस्करण को 30 मिनट छोटा कर दिया गया है, यानी इसमें गाने और कुछ सीन हटा दिए गए हैं। रणबीर ने मजाक में कहा कि अगर आप 'पूरी' रामायण का अनुभव लेना चाहते हैं, तो इसे हिंदी में देखें। साई ने भी बताया कि इन बदलावों का असर सिर्फ संगीत पर नहीं, बल्कि कहानी के कुछ खास पलों पर भी पड़ा है। यश ने समझाया कि उनकी टीम चाहती थी कि जो दर्शक रामायण के सभी किरदारों से ज्यादा वाकिफ नहीं हैं, उनके लिए कहानी समझना आसान रहे, इसीलिए फिल्म में कुछ एडिटिंग करनी पड़ी।

लाइफ Style

श्रद्धा

आलोचना के बीच ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर सवाल-जवाब के सेशन के दौरान फैंस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन आलोचना और नकारात्मक टिप्पणियों पर अपनी राय रखी।

श्रद्धा ने कहा कि वह ऐसे कमेंट्स का जवाब देने में समय गंवाने के बजाय अपने काम पर ध्यान देना पसंद करती हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब आगामी फिल्म 'ईथा' में उनके मराठी लहजे और संवाद अदायगी को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना हो रही है। श्रद्धा से बातचीत के दौरान जब एक फैन ने पूछा कि वह आलोचनाओं से कैसे निपटती हैं, तो श्रद्धा ने कहा, सच कहूं तो, मैं आलोचनाओं को संभालती ही नहीं। इसमें संभालने जैसा है ही क्या? मैं तो अपना व्हाट्सएप भी ठीक से नहीं संभाल पाती हूं। मेरा कोई मैनेजर भी नहीं है और न ही मैं किसी एजेंसी से जुड़ी हूं। मेरे दोस्त, निर्देशक और निर्माता मुझे अक्सर डांटते रहते हैं कि मैं अपना फोन चेक नहीं करती हूं। श्रद्धा ने आगे कहा, मुझे आलोचनाओं से निपटने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं बस काम करना चाहती हूं और ज्यादा से ज्यादा काम करना चाहती हूं। बस इतना ही। बता दें श्रद्धा जल्द ही लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म 'ईधा' में विठाबाई नारायणगांवकर का किरदार निभा रही हैं। विठाबाई लावणी और तमाशा की एक मशहूर कलाकार थीं, जिन्होंने महाराष्ट्र के लोक मनोरंजन में अहम योगदान दिया था।



हॉलीवुड मसाला




11 साल की थी, तब कोकीन ऑफर की गई

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्ट्रेस डैफने कीन ने हाल ही में पॉडकास्ट में बताया कि महज 11साल की उम्र में उन्हें हॉलीवुड पार्टियों में कोकीन ऑफर की जाती थी। हालांकि, उन्होंने हमेशा इसके लिए मना किया। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह आज भी शराब और ड्रग्स से दूर रहती हैं। हॉलीवुड एक्ट्रेस डैफने कीन इन दिनों अपने एक खुलासे को लेकर चर्चा में हैं। 'लोगन' फिल्म में छोटी उम्र में एक्स-23 का किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस ने बताया कि जब वह महज 11 से 13 साल की थीं, तब उन्हें हॉलीवुड की पार्टियों में कोकीन ऑफर की जाती थी।



ब्रैड पिट की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिलस। पिता ब्रैड पिट और मां एंजेलिना जोली के बीच चल रही लीगल बैटल के बीच अब उनकी बेटी विवियेने मार्शलीन ने एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अपने सरनेम के आगे से पिता का लास्टनेम 'पिट' हटा दिया है। पिट सरनेम हटवाने के लिए विवियेने ने कोर्ट में अर्जी डाली थी, जिसे अदालत ने मंजूरी दे दी है। क्यों विवियेने ने हटवाया सरनेम और क्या है ये पूरा मामला पढ़ें डिटेल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी विवियेने से पहले उनके सिबलिंग्स जहरा मार्ले जोली और मैडॉक्स विवन जोली की भी लीगल नेम बदलने की अपील सितंबर में मंजूर हुई थी। पेज सिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, कैलिफोर्निया के एक जज ने सोमवार को सुनवाई के बाद विवियेने मार्शलीन को पिट से जोली सरनेम बदलने की मंजूरी दे दी है। एंजेलिना की बेटी विवियेने ने 18 साल की होते ही 12 जुलाई को कोर्ट में नाम बदलने की अर्जी डाल दी थी।




'मातृभूमि' के ट्रेलर का इंतजार खत्म...

मुंबई। सलमान खान ने 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' का नया गाना 'तेरी सेक्सी ब्यूटी' हाल ही में जारी किया था, जिसने फिल्म के प्रति लोगों को फिर उत्साहित कर दिया। अब खबर है कि युद्ध ड्रामा पर आधारित इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों के बीच आने के लिए तैयार है। इससे त्योहार के मौसम में दर्शकों के पास जश्न मनाने का एक बड़ा मौका होगा। बताया जा रहा है कि ट्रेलर रिलीज के लिए तैयारी शुरू हो गई है। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, 'मातृभूमि' का ट्रेलर आज शुक्रवार 6 नवंबर को मंबई में लॉन्च होने जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि फिल्म निर्माता शहर में एक ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च इवेंट की योजना बना रहे हैं, जिसका मकसद त्योहारों के चल रहे उत्साह का फायदा उठाना है। हालांकि, इवेंट शेड्यूल के बारे में प्रोडक्शन हाउस की तरफ से आधिकारिक पुष्टि का अभी इंतजार है।




'जेलर 2' ओटीटी पर 12 को होगी रिलीज

मुंबई। तमिल सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर धाक जमाने आ रही है। नेल्सन दिलीपकुमार द्वारा निर्देशित एक्शन-कॉमेडी पिछले महीने 15 अक्टूबर को रिलीज हुई थी। इसने दुनियाभर में अब तक 800 करोड़ रुपये से ज्यादा कारोबार कर लिया है। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में मौजूद है और 21वें दिन तक भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 466.05 करोड़ रुपये कमा चुकी है। आइए जानते हैं कि इसे ओटीटी पर कब और कहां देख सकेंगे। 'जेलर 2' का 2023 में आया पहला भाग अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। दूसरा भाग इसी प्लेटफॉर्म पर 12 नवंबर, 2026 से उपलब्ध करा दिया जाएगा। फिल्म तमिल के साथ-साथ हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषा में दस्तक देगी।



टीवी मसाला



'बिग बॉस 20': यंग ने गर्लफ्रेंड को दिया 10-12 बार धोखा

मुंबई। 'बिग बॉस 20' में ड्रामा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब शो के प्रतियोगी यंग डीएसए ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने स्वीकार किया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड समीक्षा को कई बार धोखा दे चुके हैं। दरअसल, घर में उनके परिवार की ओर से एक ऑडियो मैसेज सुनाया गया, लेकिन गर्लफ्रेंड की तरफ से कोई संदेश नहीं आया, जिससे यंग काफी निराश हो गए। यंग ने अपने साथी प्रतियोगी स्काउट ओपी से अपना दुख साझा करते हुए कहा, मैंने समीक्षा को खो दिया है, स्काउट। जब स्काउट ने उन्हें सांत्वना देने की कोशिश की, तो यंग ने खुलासा करते हुए कहा, मैंने उसे बहुत बार धोखा दिया है। उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने समीक्षा को लगभग 10-12 बार धोखा दिया है। यह सुनकर स्काउट ने पूछा, फिर भी वह तुम्हारे साथ रही? यंग ने जवाब दिया, नहीं, उसे पता ही नहीं था। यंग की इस बात का मतलब है कि समीक्षा को उनके धोखे के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। यंग ने आगे अंदाजा लगाते हुए कहा, शायद जब मैं यहां आया, तब उन्हें इस बात का पता चला होगा। 'बिग बॉस 20' में अपने सफर के दौरान, यंग ने कई बार अपनी गर्लफ्रेंड के बारे में बात की है। उन्होंने अक्सर उसे अपनी 'पसंदीदा औरत' कहा है और बताया है कि वह उनकी जिंदगी में बहुत खास है।

यूपीएससी करना चाहते थे पंकज कपिल शर्मा के शो में खोला दिल का

मुंबई। कपिल शर्मा का 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने 5वें सीजन के साथ नेटफ्लिक्स पर लौट चुका है। हालिया एपिसोड का प्रोमो निर्माताओं द्वारा जारी कर दिया गया है, जिसमें मेहमान बनकर पंकज त्रिपाठी, कॉमेडियन जाकिर खान और एजुकेटर डॉ विकास दिव्यकीर्ति पहुंचे। प्रोमो की शुरुआत कपिल द्वारा तीनों मेहमानों के स्वागत से हुई। इसके बाद माहौल काफी मजाकिया और मस्तीभरा हो गया। इस दौरान पंकज ने बताया कि वह यूपीएससी की तैयारी करना चाहते थे। प्रोमो के मुताबिक, पंकज ने विकास के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए बताया कि वह उनसे एक क्लासरूम में मिले थे।इस पर कपिल पूछते हैं कि क्या अभिनेता यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे, तो पंकज ने स्वीकारा कि वह कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी करना चाहते थे। इस पर कपिल मजाकिया अंदाज में कहते हैं, हम सब यूपीएससी की तैयारी करना चाहते थे। उनकी यह बात सुनकर शो में मौजूद दर्शक भी हंस पड़े।

'रामायण' में अपने किरदार को लेकर भावुक हुए सनी देओल

मुंबई। नितेश तिवारी की पौराणिक फिल्म 'रामायण' में सनी देओल का 'हनुमान' किरदार खूब चर्चा बटोर रहा है। फिल्म में भले उनका चेहरा न दिखाया गया हो और पोस्ट-क्रेडिट इंट्रोडक्टरी दृश्य में पीछे से उनकी एक झलक दिखाई गई हो, लेकिन सोशल मीडिया पर यह दृश्य छाया हुआ है। इस बीच, सनी ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह भावुक दिखे। दरअसल, वह अपने पिता धर्मेंद्र के फार्महाउस पर पहुंचकर उन्हें याद करते हुए नजर आए हैं।




धर्मेंद्र का फार्महाउस मुंबई के पास महाराष्ट्र की खूबसूरत लोनावाला-खंडाला पहाड़ियों में लगभग 100 एकड़ में फैला हुआ है, जहां दिवंगत अभिनेता सिनेमा की भागदौड़ से दूर सुकून के पल बिताते थे। यह प्रॉपर्टी अपनी नेचुरल सेटिंग और रस्टिक स्टाइल के लिए जानी जाती है, जहां गांव जैसा माहौल है। इसमें बैठने की एक बड़ी जगह और एक गर्म स्विमिंग पूल भी है। बता दें, अभिनेता का 24 नवंबर, 2025 को 89 साल की उम्र में निधन हो गया था।

पिता धर्मेंद्र की याद में डूबे सनी

सनी अपने बेटे करण देओल के साथ दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र के फॉर्महाउस पर पहुंचे जिसकी झलकियां उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों फॉर्महाउस पर खड़े हैं और वहां मौजूद खेतों में फसल से जुड़े कुछ काम चल रहे हैं। सनी और करण इस प्रक्रिया को ध्यान से देख रहे हैं। इसके बैकग्राउंड में भावनात्मक गाना चल रहा है। इसके साथ अभिनेता ने कैप्शन दिया, 'आपकी याद आ रही है पापा।'

इमरान हाशमी की 'गनमास्टर जी9' का मोशन-पोस्टर जारी, जेनेलिया संग जमेगी जोड़ी

मुंबई। इमरान हाशमी की फिल्म 'गनमास्टर जी9' इस महीने सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी यह एक्शन-थ्रिलर है, जिसका निर्देशन आदित्य दत्त ने किया है। इसमें इमरान के साथ जेनेलिया डिसूजा मुख्य किरदार में हैं। फिल्म से अब तक कई गानों को जारी किया जा चुका है और अब निर्माताओं ने नया मोशन-पोस्टर रिलीज किया। इसमें अभिनेता की दमदार झलक के साथ धमाकेदार एक्शन होने का संकेत भी मिलता है।



आयुष्मान को टक्कर देने आएगी 'गनमास्टर जी9'

फिल्म का मोशन-पोस्टर इमरान के किरदार के गुस्सैल अवतार की एक झलक देता है। बैकग्राउंड में एक तीव्र संगीत को शामिल किया गया है। अभिनेता का डायलॉग भी शामिल है जिसमें वह कहते हैं, मेरे इश्क की दुनिया में आओगे तो इस दुनिया से जाओगे। अपारशक्ति खुराना भी 'गनमास्टर जी9' में एक महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। यह 27 नवंबर को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इसका सामना आयुष्मान खुराना की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' के साथ होगा।

'वी वर हियर' से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ीं

मुंबई। प्रियंका चोपड़ा भारतीय शॉर्ट फिल्म 'वी वर हियर' से कार्यकारी निर्माता के तौर पर जुड़ गई हैं। यह कॉमेडी फिल्म प्रणव भसीन ने निर्देशित की है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे लोग एआई के आने से अपनी नौकरी जाने की चिंता में जी रहे हैं, जो आजकल एक बहुत ही आम बात हो गई है। प्रियंका ने कहा कि उन्हें इस प्रोजेक्ट से जुड़ने का मौका मिला तो उन्होंने फौरन हां कर दी। उन्होंने इसे आज के समय के एक अहम मुद्दे पर ताजा और मजेदार नजरिए वाली फिल्म बताया है।





धर्मेंद्र को मां के किरदार में छोटी लगीं रोहिणी हट्टंगडी, देखते ही दी थी यह सलाह...

मुंबई। अभिनेत्री रोहिणी हट्टंगडी ने पर्दे पर कई बड़े सितारों की मां का किरदार निभाया है, जबकि असल जिंदगी में वह उनसे उम्र में छोटी थीं। वह 'अग्निपथ' और 'शहंशाह' में अमिताभ बच्चन और 'हमसे ना टकराना' में धर्मेंद्र की मां बनी थीं। अब रोहिणी ने बताया कि धर्मेंद्र ने एक बार उन्हें ज्यादा मेकअप करने की सलाह दी थी, क्योंकि उन्हें लग रहा था कि वह उनकी मां का किरदार निभाने के लिए बहुत कम उम्र की लग रही थीं।

रोहिणी को बड़े उम्र के किरदार से नहीं पड़ा फर्क

रोहिणी ने बड़ी उम्र की भूमिकाओं में चुने जाने के बारे में बात करते हुए कहा, "इससे मुझे कभी फर्क नहीं पड़ा, क्योंकि जब मैं कोई भूमिका निभाती हूं तो वह मेरे लिए एक भूमिका होती है। आप एक किरदार निभा रहे होते हैं। मैं सोचती नहीं हूं कि यह बड़ा है या छोटा है। मैं हमेशा किरदार के अनुसार अभिनय करती हूं। वहीं उन्होंने 'हमसे ना टकराना' के सेट पर धर्मेंद्र के साथ पहली मुलाकात का किस्सा साझा किया।






'हमसे ना टकराना' साल 1990 में हुई थी रिलीज

दीपक बाहरी द्वारा निर्देशित फिल्म 'हमसे ना टकराना' साल 1990 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रोहिणी और धर्मेंद्र के साथ-साथ जितेंद्र, अनीता राज, मिथुन चक्रवर्ती और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। इस फिल्म में रोहिणी ने धर्मेंद्र की मां का किरदार निभाया था। इस फिल्म में काम करते समय रोहिणी सिर्फ 39 साल की थीं, जबकि उस समय धर्मेंद्र की उम्र 55 साल थी।

'जानी दुश्मन' से इस बार डर और दहशत फैलाने की तैयारी

मुंबई। भूमि पेडनेकर ने अपने फिल्मी करियर में एक से बढ़कर एक चुनौतीपूर्ण किरदार निभाए हैं। इस बार दर्शक उन्हें डर और दहशत फैलाते दिखेंगे, क्योंकि उनकी नई साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म 'जानी दुश्मनः डर के आगे मौत है' का ऐलान किया गया है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला लुक पोस्टर भी जारी कर दिया गया है। अरशद सैयद फिल्म के निर्देशन होंगे और इसका निर्माण टी-सीरीज व प्रभलीन संधू की ऑलमाइटी मोशन पिक्चर के सहयोग से किया जाएगा। फिल्म का पोस्टर एक शांत महिला और उसके आसपास के डरावने माहौल को दर्शाता है। कहानी मां-बेटी के भावनात्मक रिश्ते पर आधारित बताई जा रही है। कैप्शन दिया गया, 'डर तो बहुत देखा होगा, अब खौफ महसूस करने के लिए तैयार हो जाओ। इस परियोजना के लिए पैरानॉर्मल सीरीज 'भयः द गौरव तिवारी मिस्ट्री' की क्रिएटिव टीम फिर साथ आई है। मशहूर अंतरराष्ट्रीय एक्शन और स्टंट निर्देशक पीटर पेड्रेरो भी इससे जुड़े हैं। फिल्म को 2027 में रिलीज किया जाएगा।



धान खरीदी के लिए अब घर बैठे मिलेगा टोकन, किसानों को लंबी कतारों से मिलेगी राहत

★ तुहर टोकन मोबाइल ऐप से किसान 24 घंटे प्राप्त कर सकेंगे टोकन ★ 10 नवंबर से शुरू होगी टोकन जारी करने की प्रक्रिया, 15 नवंबर से 15 जनवरी तक धान विक्रय हेतु मिलेगी सुविधा
★ प्रतिदिन की खरीदी क्षमता का 70 प्रतिशत टोकन ऐप से एवं 30 प्रतिशत समिति स्तर से होगा जारी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान विक्रय हेतु किसानों की सुविधा एवं खरीदी केंद्रों में लंबी कतारों से राहत दिलाने के उद्देश्य से खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा तुहर टोकन मोबाइल ऐप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस ऐप के माध्यम से किसान घर बैठे किसी भी समय ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर सकेंगे।

तुहर टोकन मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। ऐप का उपयोग करने के लिए किसानों को सर्वप्रथम ओटीपी आधारित पंजीयन करना होगा। इसके पश्चात किसान अपनी धान विक्रय की मात्रा दर्ज कर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार टोकन प्राप्त कर सकेंगे।



70 प्रतिशत टोकन ऑनलाइन, 30 प्रतिशत समिति स्तर से

धान खरीदी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाने के लिए प्रत्येक समिति की निर्धारित दैनिक खरीदी क्षमता का 70 प्रतिशत टोकन मोबाइल ऐप के माध्यम से तथा शेष 30 प्रतिशत टोकन समिति स्तर से जारी किए जायेगा। ऑनलाइन टोकन की निर्धारित सीमा में 80 प्रतिशत लघु एवं सीमांत किसानों तथा 20 प्रतिशत बड़े किसानों के लिए आरक्षित रहेगा।

भूमि रकबे के अनुसार मिलेगी टोकन की सुविधा

निर्धारित व्यवस्था के अनुसार 2 एकड़ तक भूमि वाले किसानों को एक टोकन, 2 एकड़ से अधिक एवं 10 एकड़ तक भूमि वाले किसानों को दो टोकन तथा 10 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को तीन टोकन प्राप्त करने की पात्रता होगी। किसान पूर्व वर्ष की भांति धान की मात्रा दर्ज कर टोकन प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही पात्रतानुसार दूसरे एवं तीसरे टोकन के माध्यम से शेष धान का विक्रय भी कर सकेंगे।

10 नवंबर से काटे जा सकेंगे टोकन

किसानों के लिए टोकन जारी करने की प्रक्रिया 10 नवंबर 2026 से प्रारंभ होगी। इसके अंतर्गत किसान 15 नवंबर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक की निर्धारित धान विक्रय तिथियों के लिए टोकन प्राप्त कर सकेंगे। इस डिजिटल व्यवस्था से किसानों को टोकन प्राप्त करने के लिए बार-बार खरीदी केंद्रों के चक्कर लगाने की आवश्यकता कम होगी तथा समय की बचत के साथ धान खरीदी प्रक्रिया अधिक सुगम एवं व्यवस्थित हो सकेगी।

स्वीप कार्यक्रम के तहत युवाओं को मतदान के प्रति किया जा रहा जागरूक

निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से महाविद्यालयों में निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।



इसी कड़ी में शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर एवं शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर में निर्वाचन साक्षरता क्लब के द्वारा निबंध लेखन एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को मताधिकार के महत्व, निर्वाचन प्रक्रिया, लोकतांत्रिक अधिकारों एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया गया ताकि युवा एवं भावी मतदाता स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं नैतिक मतदान के प्रति जागरूक रहे और अधिकाधिक युवा लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़कर अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

16 फरवरी से शुरू होंगी 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं

रायपुर, (एजेंसी)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की फाइनल डेटशीट जारी कर दी है। जारी कार्यक्रम के अनुसार दोनों कक्षाओं की मुख्य परीक्षाएं 16 फरवरी 2027 से शुरू होंगी। कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 9 मार्च तक, जबकि 12वीं की परीक्षाएं 9 अप्रैल 2027 तक आयोजित की जाएंगी।



सीबीएसई के परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक, कक्षा 10वीं के विद्यार्थी इस बार कुल 83 विषयों की परीक्षा देंगे। वहीं, कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कुल 121 विषयों की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

बोर्ड के अनुसार सभी परीक्षाएं सुबह 10.30 बजे से शुरू होंगी। विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा की तैयारी के लिए विषयवार समय-सारणी का ध्यान रखें। छात्र-छात्राएं विषयवार विस्तृत डेटशीट सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

97 जुआरी गिरफ्तार, 2.07 लाख रुपये नकद जब्त

दुर्ग, (एजेंसी)। जिले में अवैध जुआ गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए दुर्ग पुलिस ने व्यापक अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। 6 और 7 नवंबर 2026 को चलाए गए इस अभियान के दौरान पुलिस ने 26 अलग-अलग जुआ प्रकरण दर्ज कर कुल 97 लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की। आरोपियों के कब्जे से 2 लाख 7 हजार 10 रुपये नकद और ताश की 26 गड्डियां जब्त की गई हैं।

दुर्ग पुलिस के इस अभियान में जेवरा सिरसा, जामुल, पाटन, अमलेश्वर, धमधा, पद्मनाभपुर, रानीतराई, खुर्सीपार, छावनी, नंदिनी नगर, मोहन नगर, नेवई, उतई और बोरी थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई।

प्रमुख स्थानों में ग्राम बासिन, घासीदास नगर, दुर्गा मंच, सांकरा बाजार चौक, ग्राम मोतीपुर, नयाबाड़ा पाहंदा, कलारपारा, डेंगाभाट, बिरझापुर, रविशंकर स्टेडियम के पीछे, चंडी चौक, कबीर मंदिर के पास, रिसाली बस्ती, कैलाश नगर और आदित्य नगर सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए लोग अलग-अलग समूहों में एकत्रित होकर ताश के पत्तों के माध्यम से रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। सूचना मिलने पर संबंधित थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और जुआ खेलने में इस्तेमाल की जा रही नगदी तथा ताश की गड्डियां जब्त कीं।

पुलिस के अनुसार, जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेले जाने की सूचनाएं मिल रही थीं। इसके बाद संबंधित थाना पुलिस की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर निगरानी रखते हुए दबिश दी। कार्रवाई के दौरान ताश के पत्तों से जुआ खेलते मिले लोगों को पकड़कर उनके विरुद्ध संबंधित अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

कलेक्टर ने जिलेवासियों को दी दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

मिट्टी के दीपक जलाने एवं सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल दीपावली मनाने की अपील

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जिले के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि प्रकाश और उल्लास का यह महापर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली लेकर आए।



दीपावली का प्रकाश प्रत्येक घर-परिवार को सकारात्मक ऊर्जा, उत्तम स्वास्थ्य एवं नई उपलब्धियों से आलोकित करे।

कलेक्टर श्रीमती जमील ने जिलेवासियों से दीपावली पर्व को सुरक्षित, स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल तरीके से मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नागरिक मिट्टी के पारंपरिक दीपकों का उपयोग कर स्थानीय कारीगरों एवं कुम्हारों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा पटाखों के उपयोग के दौरान आवश्यक सावधानियां सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

मिट्टी के दीयों में गढ़ते हैं खुशियां, बिजली के चाक ने जीवन में भरा नया उजियारा

परंपरागत कुम्हार कला को मिला आधुनिक तकनीक का साथ, पीढ़ियों से संजोए हुनर को मिली नई पहचान और आजीविका को मजबूती

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। दीपावली का पर्व आते ही मिट्टी के दीयों की मांग बढ़ जाती है। इन दीयों में केवल मिट्टी की सुगंध और रोशनी ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही कुम्हारों की पारंपरिक कला, मेहनत और उनकी आजीविका भी समाहित होती है। ऐसे ही पारंपरिक हुनर को संजोकर रखने वाले सूरजपुर जिले के भैयाथान विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गंगोटी निवासी श्री मंगल प्रजापति आज आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख रहे हैं। पेशे से कुम्हार श्री मंगल प्रजापति मिट्टी से दीये, बर्तन और अन्य उपयोगी सामग्री तैयार कर अपनी पारंपरिक कला को आगे बढ़ा रहे हैं। पहले वे हाथ से चलने वाले चाक पर बर्तन बनाते थे। इस कार्य में काफी शारीरिक मेहनत लगती थी और उत्पादन भी सीमित रहता था। ऐसे में मेहनत के अनुरूप आमदनी नहीं हो पाती थी।



छत्तीसगढ़ शासन की योजना के अंतर्गत बिजली से चलने वाला चाक मिलने के बाद उनके पारंपरिक व्यवसाय को नई गति मिली। अब कम समय और कम मेहनत में अधिक बर्तनों का निर्माण कर पा रहे हैं। तकनीक के इस सहयोग ने उनके हुनर को विस्तार देने के साथ आर्थिक स्थिति को भी मजबूत किया है। आज श्री प्रजापति ने सूरजपुर जिला मुख्यालय में अपनी दुकान स्थापित कर ली है, जहां वे नियमित रूप से मिट्टी के बर्तनों की बिक्री कर रहे हैं।

वे बताते हैं कि व्यवसाय में वृद्धि से परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। अब बच्चों की शिक्षा और परिवार की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा कर पा रहे हैं। उनका एक बेटा महाविद्यालय में अध्ययनरत है, दूसरा बेटा भी अब दोबारा पढ़ाई शुरू करने के लिए इच्छुक है। आर्थिक स्थिति बेहतर होने से वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के सपनों को भी साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

श्री मंगल प्रजापति भावुक होकर कहते हैं कि बिजली से चलने वाला चाक मिलने से उनके पारंपरिक व्यवसाय को नया सहारा मिला है। अब उनका काम पहले से बेहतर हो गया है और परिवार भी खुशहाल है। उन्होंने इस सहयोग के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री के आत्मीय पत्र से बढ़ा हौसला, बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प हुआ और मजबूत

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल 'विष्णु के पाती' के माध्यम से आम नागरिकों तक पहुंच रही आत्मीयता और संवेदनशीलता का एक भावुक उदाहरण सूरजपुर जिले के रामानुजनगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम कृष्णपुर की स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिला बसंती राजवाड़े के जीवन में देखने को मिला। मुख्यमंत्री द्वारा उनके संघर्ष, स्वरोजगार और परिवार के प्रति जिम्मेदारियों को आत्मीयता से उल्लेखित करते हुए पत्र लिखे जाने पर बसंती भावुक हो उठीं। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्र पाकर उन्हें बेहद खुशी हुई और कठिन समय में आगे बढ़ने का नया हौसला मिला है।

बसंती राजवाड़े ने सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बीच अपने परिवार की जिम्मेदारी संभालते हुए स्वरोजगार की राह चुनी। तीन बेटियों और माता-पिता की देखभाल की जिम्मेदारी निभाते हुए उन्होंने बिहान योजना के स्व-सहायता समूह से जुड़कर प्रधानमंत्री मुद्रा



योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त किया और सरसों तेल निकालने का व्यवसाय शुरू किया। आज यही व्यवसाय उनके परिवार की आजीविका का महत्वपूर्ण आधार बन गया है।

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में बसंती के संघर्ष, साहस और बेटियों के भविष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने उनकी बेटियों आस्था, अंकिता और समीक्षा की शिक्षा का उल्लेख करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही माता-पिता की देखभाल और परिवार के प्रति उनके समर्पण को भी सराहा।

मुख्यमंत्री के पत्र से अभिभूत बसंती राजवाड़े ने कहा कि वे चाहती हैं कि उनकी बेटियां खूब पढ़-लिखकर आत्मनिर्भर बनें और जीवन में अपने फैसले स्वयं ले सकें। उन्होंने कहा कि जिस संघर्ष से उन्हें गुजरना पड़ा, उनकी बेटियों को वैसी परिस्थितियों का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री द्वारा बेटियों की शिक्षा और माता-पिता के प्रति उनके दायित्वों को याद किए जाने से उन्हें विशेष खुशी हुई। भावुक स्वर में बसंती ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके पत्र और आशीर्वाद से उन्हें आगे बढ़ने की नई प्रेरणा मिली है। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि वे अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ाएंगी तथा यह साबित करेंगी कि एक महिला अपने साहस, मेहनत और आत्मविश्वास से अकेले भी अपने परिवार को मजबूत आधार दे सकती है।

श्विष्णु के पातीश् के माध्यम से मुख्यमंत्री का यह आत्मीय संवाद केवल एक पत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन महिलाओं के संघर्ष, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता को सम्मान देने का प्रयास भी है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने परिवार और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए निरंतर मेहनत कर रही हैं।

छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य, 5 साल या उससे अधिक सेवा बाकी तो परीक्षा पास करना जरूरी

रायपुर, (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में कार्यरत नियमित शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के पालन में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने स्पष्ट किया है कि कक्षा 1 से 8वीं तक पढ़ाने वाले ऐसे नियमित शिक्षक, जिनकी सेवानिवृत्ति में पांच वर्ष या उससे अधिक का समय शेष है, उन्हें सेवा में बने रहने के लिए निर्धारित समय-सीमा के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करना होगा।

इस निर्णय का असर राज्य के हजारों शासकीय शिक्षकों पर पड़ सकता है। विभाग के निर्देशों के अनुसार, संबंधित शिक्षकों को टीईटी पास करने के लिए विशेष अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। निर्धारित समय में परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करने वाले शिक्षकों की सेवा पर भी असर पड़ सकता है।

यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट द्वारा सिविल अपील क्रमांक 1385/2025 में 1 सितंबर 2025 को दिए गए आदेश और पुनर्विचार याचिका पर 29 मई 2026 को जारी निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है। न्यायालय ने प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों की निर्धारित शैक्षणिक योग्यता को महत्वपूर्ण बताते हुए सेवारत शिक्षकों के लिए भी टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया है।

सेवारत गैर-टीईटी उत्तीर्ण शिक्षकों को पर्याप्त अवसर देने के लिए विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए दो व्यवस्थाएं प्रस्तावित की गई हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से नियमित परीक्षाओं से अलग विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी। अधिकृत निजी तकनीकी एजेंसी के माध्यम से कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) आयोजित की जाएगी। शिक्षकों की संख्या अधिक होने के कारण परीक्षा कई पालियों में आयोजित की जा सकती है। विभाग ने सभी पालियों के प्रश्नपत्रों का कठिनाई स्तर समान रखने और परीक्षा में सामान्यीकरण की व्यवस्था करने की बात कही है। विशेष परीक्षा साल में कम से कम दो बार आयोजित की जाएगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

रुचि की अभिव्यक्ति

EOI सूचना संख्याः Tie-up/SDL-ABKP-SJQ-KHS / EOI Empnl/2026/3006 दिनांकः 04.11.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के माध्यम से, शहडोल शहर (म.प्र.), अंबिकापुर शहर (छ.ग.), सूरजपुर शहर (छ.ग.) और खरसिया शहर (छ.ग.) के निजी अस्पतालों से आपातकालीन इनडोर उपचार, प्रयोगशाला (पैथोलॉजी) सेवाओं, उपलब्ध रेडियो-डायग्नोसिस सेवाओं जैसे एक्स- रे, यूएसजी (USG), सीटी स्कैन, एमआरआई आदि (केवल सीजीएचएस दरों पर), तथा शहडोल, मनेंद्रगढ़ और रायगढ़ क्षेत्राधिकार के दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उप-मंडलीय अस्पताल/ स्वास्थ्य इकाइयों के अंतर्गत रेलवे लाभार्थियों के माध्यमिक और तृतीयक देखभाल चिकित्सा प्रबंधन/ उपचार के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है, जो शहडोल, अंबिकापुर, सूरजपुर और खरसिया के शहर परिसर के भीतर आते हैं। केवल शहडोल, अंबिकापुर, सूरजपुर और खरसिया के निजी अस्पताल ही अपनी रुचि व्यक्त कर सकते हैं।

कार्य का नाम और स्थानः रेलवे लाभार्थियों के कैशलेस इलाज के लिए शहडोल (सब-डिविजनल अस्पताल/एसईसी रेलवे/ शहडोल उप चिकित्सालय के अंतर्गत), अंबिकापुर, सूरजपुर (मनेंद्रगढ़ स्वास्थ्य इकाई के अंतर्गत) और खरसिया (रायगढ़ स्वास्थ्य इकाई के अंतर्गत) के साथ सूचीबद्ध करने हेतु।

कार्य की दरः सीजीएचएस (टियर-III) शहर की दर, यदि सीजीएचएस में सूचीबद्ध नहीं है तो एम्स की दरों पर। कोविड के लिए भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई नवीनतम दर पर।

रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांकः 25.04.2018, 20.11.2023 और 19.04.2024 के अनुसार श्रेणी ए और बी दोनों के अस्पतालों को संबंधित उपमंडलीय अस्पताल/ स्वास्थ्य इकाइयों के साथ नए सूचीबद्धता के लिए आवेदन करना होगा। CGHS/ECHS/ESI सूचीबद्ध और सरकारी/अस्पताल/पीएसयू द्वारा संचालित अस्पतालों के मामले में, अस्पताल से इच्छा पत्र प्राप्त किया जाना चाहिए और उन्हें किसी भी समय सूचीबद्ध किया जा सकता है। सीजीएचएस द्वारा संशोधित दरों को माना जा सकता है। सूचीबद्ध अस्पताल (अस्पतालों) को सीजीएचएस/ एम्स कैपिंग द्वारा कवर नहीं की गई सभी दवाओं और उपभोग्य सामग्रियों/डिस्पोजेबल और इम्प्लांट्स पर एमआरपी/ वास्तविक खरीद मूल्य पर कम से कम 5% या अधिक की छूट देनी चाहिए और गैर-सीजीएचएस प्रक्रिया/जांच पर कुल अस्पताल दरों पर उपयुक्त छूट देनी चाहिए।

आवेदन की तिथि और समयः प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों के साथ आवेदन केवल **12.11.2026** से **03.12.2026** को 17:00 बजे तक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, एसईसी रेलवे बिलासपुर के कार्यालय में पंजीकृत डाक द्वारा जमा या भेजे जाने चाहिए। **03.12.2026** को **17:00** बजे के बाद डाक द्वारा प्राप्त या जमा किए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि उपरोक्त घोषित अंतिम तिथि को किसी भी प्रकार से बंद/अवकाश होता है, तो अगला कार्य दिवस आवेदन प्राप्त करने/जमा करने की अंतिम तिथि होगी।

आवेदन खोलने की तिथिः रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर यानी **03.12.2026** को 17:00 बजे के बाद। विस्तृत ईओआई (EOI) सूचना और न्यूनतम पात्रता मानदंड के लिए वेबसाइटः **www.secr.indianrailways.gov.in** और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बिलासपुर के कार्यालय का सूचना बोर्ड।

नोटः-

- यदि उपरोक्त अंतिम तिथि को किसी भी प्रकार से बंद/अवकाश घोषित किया जाता है, तो अगला कार्य दिवस आवेदन जमा करने / प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी।
- रेलवे के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
- ईओआई (EOI) और न्यूनतम पात्रता मानदंड वेबसाइट **www.secr.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
- कृपया नियम और शर्तों के विवरण का संदर्भ लें जो रेलवे बोर्ड की नीति पत्रों दिनांकः **25.04.2018, 20.11.2023** और **19.04.2024** के अनुसार हैं, जो दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर की वेबसाइट पर ईओआई सूचना अपलोड के साथ उपलब्ध हैं।
- निजी अस्पताल को स्वीकृत रेफरल पर रेलवे लाभार्थियों को कैशलेस उपचार प्रदान करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ एसईसी रेलवे, बिलासपुर के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) करना होगा।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
द.पू.म.रेलवे/बिलासपुर

सीपीआर/10/484

छोटी दिवाली पर कर्मचारियों को मिला आवास का तोहफा

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया जे.ए.डी. कर्मचारी आवास का लोकार्पण

छ.ग.फ्रंटलाइन

मनेन्द्रगढ़/खड़गवां (एमसीबी)। दीपावली के पावन पर्व से ठीक एक दिन पहले छोटी दिवाली के अवसर पर कर्मचारियों को एक बड़ी सौगात मिली। एमसीबी जिले के खड़गवां में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जे.ए.डी. कर्मचारी आवास का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने इसे कर्मचारियों के लिए दीपावली का विशेष उपहार बताते हुए सभी कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जे.ए.डी. कर्मचारी आवास का लोकार्पण कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इस आवासीय सुविधा के शुरू होने से कर्मचारियों को बेहतर रहने की व्यवस्था के साथ सुरक्षित एवं सुविधाजनक



वातावरण उपलब्ध होगा। लंबे समय से कर्मचारियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ऐसे में दीपावली के अवसर पर मिली यह सौगात उनके लिए खुशियों को दोगुना करने वाली है। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि कर्मचारी किसी भी व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। उनकी मेहनत, समर्पण और जिम्मेदारी से ही संस्थानों का संचालन सुचारू रूप से होता है। इसलिए कर्मचारियों की सुविधाओं, उनकी आवश्यकताओं और उनके कल्याण का ध्यान रखना भी हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कर्मचारियों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों, प्रकाश और आपसी सौहार्द का पर्व है। ऐसे शुभ अवसर पर कर्मचारियों को आवास की सौगात मिलना उनके लिए विशेष खुशी का विषय है। बेहतर आवासीय व्यवस्था से कर्मचारियों को न केवल रहने की सुविधा मिलेगी, बल्कि वे अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण में रह सकेंगे। मंत्री जायसवाल ने सभी कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छोटी दिवाली के अवसर पर जे.ए.डी. कर्मचारी आवास का लोकार्पण कर्मचारियों के लिए एक यादगार सौगात बन गया। इस पहल से कर्मचारियों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

विकसित भारत युवा संसद में गूंजा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का मुद्दा, युवाओं ने रखे विचार

छ.ग.फ्रंटलाइन

एमसीबी। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की पहल 'मेरा युवा भारत' (MY Bharat) के तत्वावधान में 4 नवम्बर को शासकीय लाहिड़ी महाविद्यालय चिरमिरी में विकसित भारत युवा संसद 2026-27 का आयोजन किया गया। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर आयोजित युवा संसद में 200 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, चुनावी प्रक्रिया तथा संवैधानिक पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक चेतना, नेतृत्व क्षमता और संसदीय परंपराओं की समझ विकसित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय उपस्थित रहे। इस अवसर पर मेरा युवा भारत के सहायक निदेशक चहल कैलाशिया, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आरती तिवारी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा,



मनीष खटीक, वीरेंद्र कुमार, प्रेमा कुजूर, अजय कुमार सोनी, राहुल सिंह एवं डॉ. रजनी सेठिया सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

एक साथ चुनाव कराने की अवधारणा पर युवाओं ने किया मंथन

युवा संसद के दौरान प्रतिभागियों ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा पर अपने विचार रखते हुए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की संवैधानिक एवं प्रशासनिक संभावनाओं पर चर्चा की। युवाओं ने चुनावी खर्च, प्रशासनिक व्यवस्थाओं, नीतिगत निरंतरता तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर तर्कपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान विभिन्न दृष्टिकोणों पर संवाद के माध्यम से युवाओं को लोकतांत्रिक विमर्श और संसदीय कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि युवा पीढ़ी राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण शक्ति है। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए युवाओं में संवैधानिक मूल्यों की समझ, तार्किक चिंतन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास आवश्यक है। युवा संसद जैसे आयोजन विद्यार्थियों को राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर अपनी बात रखने, दूसरों के विचारों को समझने और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप संवाद करने का मंच प्रदान करते हैं।

भरतपुर-सोनहत विधायक ने विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेशवासियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं

विधायक रेणुका सिंह ने प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का दिया संदेश

छ.ग.फ्रंटलाइन

मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी)। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने दीपावली के पावन पर्व पर अपने विधानसभा क्षेत्र भरतपुर-सोनहत सहित पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



उन्होंने इस मंगलमय अवसर पर सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि दीपावली का पर्व प्रत्येक घर-आंगन में खुशियों का नया उजाला लेकर आए। अपने शुभकामना संदेश में विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का त्योहार नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक एकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। दीपों का यह उत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और भारतीय जीवन मूल्यों का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मां लक्ष्मी एवं भगवान श्रीगणेश की कृपा सभी पर बनी रहे तथा प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली का वास हो। क्षेत्र के किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों, श्रमिकों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों के लिए यह पर्व नई उम्मीदें, सकारात्मक ऊर्जा और उन्नति के अवसर लेकर आए। विधायक रेणुका सिंह ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि दीपावली का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी के साथ मनाएं। त्योहार की खुशियों में जरूरतमंदों को भी सहभागी बनाएं और उनके जीवन में खुशियों का दीप जलाने का प्रयास करें। अंत में उन्होंने कामना की कि दीपावली का यह पावन पर्व भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ में विकास, खुशहाली, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार करे तथा हर घर में सुख-शांति एवं आनंद का वातावरण बना रहे।

वाटर शेड ऑर्गनाइजेशनकी पहल से बदल रही किसानों की जिंदगी

अब तीनों मौसम में कर रहे हैं खेती

छ.ग.फ्रंटलाइन

सोनहत। सीमित सिंचाई सुविधाओं और प्राकृतिक चुनौतियों के बावजूद यदि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक एवं उचित मार्गदर्शन मिले, तो खेती को लाभकारी आजीविका का माध्यम बनाया जा सकता है। इसकी मिसाल कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड के राउतसराई गांव के 52 वर्षीय किसान रमेश सिंह मरकाम ने पेश की है। कभी केवल मानसून पर निर्भर रहने वाली उनकी 1.5 एकड़ कृषि भूमि आज ड्रिप सिंचाई प्रणाली की मदद से सालभर उत्पादन और आमदनी का आधार बन गई है। रमेश सिंह मरकाम 11 सदस्यीय संयुक्त परिवार के साथ रहते हैं। उनकी कृषि भूमि असमतल और पथरीली है। वर्ष 2025 तक वे मुख्य रूप से खरीफ मौसम में वर्षा आधारित धान की खेती करते थे, जिससे प्रति एकड़ 10 से 12



क्विंटल उत्पादन प्राप्त होता था। सिंचाई के लिए बोरवेल पर निर्भरता थी, लेकिन गर्मी के मौसम में पानी की कमी के कारण रबी एवं ग्रीष्मकालीन खेती करना मुश्किल था। डीजल मोटर पंप से सिंचाई करने पर लगभग 10 हजार रुपये खर्च होते थे, जिससे सब्जी उत्पादन से होने वाली आमदनी का बड़ा हिस्सा सिंचाई पर ही खर्च हो जाता था। किसान की इस समस्या को देखते हुए वर्ष 2025 में एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के सहयोग से वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट (वाटर) द्वारा संचालित फोकस्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (एफडीपी), सोनहत के अंतर्गत उन्हें ड्रिप सिंचाई प्रणाली, वर्मी कम्पोस्ट इकाई एवं सब्जी उत्पादन किट उपलब्ध कराई गई। परियोजना के तहत आयोजित प्रशिक्षणों में उन्होंने नर्सरी प्रबंधन, सब्जी उत्पादन, जैविक खाद निर्माण और आधुनिक सिंचाई तकनीकों की जानकारी भी प्राप्त की। रमेश ने स्वयं भी खेती में रुचि दिखाते हुए मल्चिंग शीट एवं पौधों को सहारा देने के लिए बांस की खपच्चियों का उपयोग शुरू किया। रमेश की मेहनत का परिणाम अब खेतों में साफ दिखाई दे रहा है। एक महीने तक उन्होंने प्रत्येक सप्ताह लगभग 30 किलोग्राम टमाटर और 10 किलोग्राम बैंगन की तुड़ाई की। वहीं, मिर्च की सात बार तुड़ाई हो चुकी है। वे प्रत्येक सोमवार को मोटरसाइकिल से सब्जियां लेकर साप्ताहिक बाजार पहुंचते हैं और स्थानीय ग्राहकों एवं थोक व्यापारियों को अपनी उपज बेचते हैं।

ड्रिप सिंचाई प्रणाली से पानी का उपयोग अधिक प्रभावी ढंग से होने लगा है। पहले जहां उनकी अधिकांश जमीन खरीफ के बाद खाली पड़ी रहती थी, वहीं अब वे खरीफ में धान, रबी में मिर्च, टमाटर, बैंगन, भिंडी एवं फूलगोभी तथा ग्रीष्मकाल में प्याज की खेती कर रहे हैं। वर्तमान में एक एकड़ भूमि में ड्रिप सिंचाई की सुविधा से उन्हें नियमित खेती करने में मदद मिल रही है। इस बदलाव से डीजल मोटर पंप पर होने वाला लगभग 10 हजार रुपये का वार्षिक खर्च बच रहा है। वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग से बाहरी खाद पर निर्भरता भी कम हुई है। पहले सब्जियों से लगभग 20 हजार रुपये की वार्षिक आमदनी होती थी, जो अब बढ़कर करीब 35 हजार रुपये हो गई है। इसके अतिरिक्त धान की लगभग 13 क्विंटल उपज से करीब 40,300 रुपये का मूल्य प्राप्त होता है। इस तरह उनकी खेती से कुल वार्षिक उत्पादन का अनुमानित मूल्य लगभग 75 हजार रुपये तक पहुंच गया है।

सीएम हेल्पलाइन पर एमसीबी जिले का बेहतर प्रदर्शन, 88 प्रतिशत शिकायतों पर कार्रवाई पूरी

9 जून से 1 नवम्बर तक प्राप्त 3,917 शिकायतों में से 3,452 का निराकरण, 3,109 प्रकरण पूर्ण रूप से बंद

छ.ग.फ्रंटलाइन

एमसीबी। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण की दिशा में सीएम हेल्पलाइन महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरी है। जिले में 9 जून 2026 से प्रारंभ हुई इस व्यवस्था के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में जिला प्रशासन ने बेहतर प्रदर्शन किया है। 9 जून से 1 नवम्बर 2026 तक सीएम हेल्पलाइन में कुल 3,917 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 3,452 शिकायतों पर कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। यह कुल प्राप्त शिकायतों का 88.1 प्रतिशत है। वहीं 3,109 शिकायतों को पूर्ण रूप से बंद किया गया है, जो कुल शिकायतों का लगभग 79 प्रतिशत है।

समय-सीमा में शिकायतों के निराकरण पर विशेष जोर

सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। जिले में 96.1 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया गया है। विशेष रूप से लेवल-3 स्तर पर अधिकारियों ने 99.7 प्रतिशत शिकायतों का समयबद्ध निराकरण किया। इस स्तर पर प्राप्त 1,039 शिकायतों में से केवल तीन प्रकरण ही निर्धारित समय-सीमा से आगे बढ़े। इसी प्रकार कम-ज्यादा वोल्टेज एवं बिजली कटौती से संबंधित 69 शिकायतों में से 61 का संतोषजनक समाधान किया गया, जो लगभग 88 प्रतिशत है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत मजदूरी भुगतान से जुड़ी 29



शिकायतों में से 25 का निराकरण नागरिकों की संतुष्टि के अनुरूप हुआ। वहीं हैंडपंप मरम्मत की 42 शिकायतों में से 35 का संतोषजनक समाधान किया गया। इन श्रेणियों में नागरिक संतुष्टि क्रमशः 86 और 83 प्रतिशत रही।

चार स्तरीय निगरानी व्यवस्था से बढ़ी जवाबदेही

सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के निराकरण के लिए चार स्तरीय व्यवस्था लागू है। प्रथम स्तर पर संबंधित अधिकारी द्वारा शिकायत की जांच एवं निराकरण किया जाता है। निर्धारित समय-सीमा में समाधान नहीं होने अथवा नागरिक के असंतुष्ट रहने पर शिकायत उच्च स्तर के अधिकारी को भेजी जाती है।

इस व्यवस्था से शिकायतों की नियमित समीक्षा और जिम्मेदारी तय करने में सहायता मिल रही है। जिले में अधिकांश शिकायतों का समाधान प्रारंभिक स्तरों पर ही हो रहा है। प्रथम स्तर की तुलना में सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने वाली शिकायतों की संख्या लगभग 84 प्रतिशत कम रही है।

नागरिकों की संतुष्टि के आधार पर शिकायतों का निराकरण

सीएम हेल्पलाइन की विशेषता यह है कि शिकायतों के निराकरण में केवल विभागीय कार्रवाई ही नहीं, बल्कि संबंधित नागरिक की संतुष्टि को भी महत्व दिया जाता है। शिकायत पर कार्रवाई के बाद नागरिकों से फीडबैक लिया जाता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनकी समस्या का वास्तविक समाधान हुआ है। जिले में प्रथम स्तर पर 1,235 शिकायतें नागरिकों की संतुष्टि के आधार पर बंद की गई हैं। इससे शिकायत निवारण व्यवस्था में जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ावा मिला है।

बिजली, राशन, आवास और पेयजल की समस्याओं के समाधान में बेहतर परिणाम

सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त अधिकांश शिकायतें नागरिकों की दैनिक आवश्यकताओं से जुड़ी रहीं। बिजली ट्रांसफार्मर की मरम्मत से संबंधित 49 शिकायतों में से 47 का समाधान नागरिकों की संतुष्टि के अनुरूप किया गया, जो लगभग 96 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की किस्तों से संबंधित 36 शिकायतों में से 32 तथा राशन कार्ड में नाम जोड़ने या हटाने संबंधी 27 शिकायतों में से 24 का संतोषजनक निराकरण किया गया। दोनों श्रेणियों में नागरिक संतुष्टि का स्तर लगभग 89 प्रतिशत रहा।

जनसमस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बनी सीएम हेल्पलाइन

नवगठित मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायतों का समयबद्ध निराकरण प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक जवाबदेह और जनहितैषी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। शिकायतों की नियमित निगरानी, विभागीय समन्वय और नागरिकों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण हो तथा आम नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ सरलता और सुगमता से प्राप्त हो सके।

एमसीबी जिले में अब डिजिटल टोकन से मिलेगा उर्वरक, एफएफएस सॉफ्टवेयर से वितरण शुरू

छ.ग.फ्रंटलाइन

एमसीबी। जिले में किसानों को समय पर और निर्धारित मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल टोकन प्रणाली से खाद वितरण शुरू कर दिया गया है। केंद्र सरकार द्वारा विकसित फर्टिलाइज़र फ्रेमवर्क फॉर सेल (स्वस्स) सॉफ्टवेयर के माध्यम से अब किसानों को टोकन जारी कर उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। इस नई व्यवस्था से खाद वितरण में पारदर्शिता बढ़ने के साथ किसानों को अनावश्यक भीड़ और लंबी कतारों से राहत मिलेगी। कृषि विभाग के अनुसार रबी सीजन 2026 से जिले की सभी सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों पर टोकन के माध्यम से ही खाद की बिक्री की जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य किसानों को उनकी फसलों की आवश्यकता के अनुरूप समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना तथा वितरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाना है।

चैनपुर सहकारी समिति और निजी खाद दुकान में टोकन से हुआ वितरण

नई व्यवस्था के तहत कृषि विभाग द्वारा विकासखंड मनेन्द्रगढ़ की आदिम जाति सेवा सहकारी समिति चैनपुर तथा निजी उर्वरक विक्रेता राधिका एग्रो एजेंसी में पंजीकृत किसानों को डिजिटल टोकन जारी कर यूरिया, डीएपी एवं सुपर फास्फेट का वितरण कराया गया। इस दौरान उप संचालक कृषि इन्द्रासन पैकरा, सहायक संचालक कृषि जयंत पैकरा, जिला स्तरीय उर्वरक निरीक्षक एवं विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के नोडल अधिकारी महेश पैकरा तथा शाखा प्रभारी (उर्वरक) दीपक कुमार साहू उपस्थित रहे। कृषि विभाग द्वारा सहकारी समिति प्रबंधकों, निजी उर्वरक विक्रेताओं और किसानों को नई डिजिटल प्रणाली के उपयोग की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

आकलन शिविर में 97 दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, 17 सहायक उपकरणों के लिए चयनित

एमसीबी। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय आकलन शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा विभाग द्वारा 5 नवम्बर को विकासखंड स्त्रोत केंद्र मनेन्द्रगढ़ में आयोजित शिविर में जिले के तीनों विकासखंडों के कुल 97 दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आकलन किया गया। इनमें से 17 बच्चों का चयन विभिन्न सहायक उपकरणों के लिए किया गया, जिन्हें आगामी दिसम्बर माह में आयोजित वितरण शिविर में उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

तीनों विकासखंडों के 97 बच्चों का हुआ परीक्षण

शिविर में कक्षा पहली से बारहवीं तक अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का चिन्हांकन एवं उनकी आवश्यकताओं का आकलन किया गया। विकासखंड मनेन्द्रगढ़ में निर्धारित 70 बच्चों के लक्ष्य के विरुद्ध 55, भरतपुर में 24 के विरुद्ध 16 तथा खड़गवां में 37 के विरुद्ध 26 बच्चों का परीक्षण किया गया। इस प्रकार जिले में कुल 131 बच्चों के लक्ष्य के विरुद्ध 97 बच्चों का आकलन किया गया। एलिम्को रायपुर की विशेषज्ञ टीम ने बच्चों की दिव्यांग एवं व्यक्तिगत आवश्यकताओं के आधार पर सहायक उपकरणों के लिए 17 बच्चों का चयन किया। शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकों ने श्रवण बाधित, अस्थिबाधित, बौद्धिक दिव्यांग, दृष्टिबाधित एवं बहु दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान पात्र बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं विशिष्ट दिव्यांग पहचान पत्र (यूडीआईडी कार्ड) बनाने तथा नवीनीकरण की कार्रवाई की गई। शिविर का उद्देश्य बच्चों की विशेष आवश्यकताओं की पहचान कर उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना और शिक्षा में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

मुख्यमंत्री की पाती पाकर चंपा देवी हुई खुश, एक गाय से शुरू किया पशुपालन अब बना अतिरिक्त आमदनी का जरिया

छ.ग.फ्रंटलाइन

एमसीबी/06 नवम्बर 2026/ छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम चैनपुर निवासी चंपा देवी कुशवाहा इसकी एक प्रेरक मिसाल हैं। कभी एक गाय से परिवार की दूध की जरूरतें पूरी करने वाली चंपा देवी आज चार गायों के माध्यम से पशुपालन व्यवसाय को आगे बढ़ाकर अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर रही हैं। छत्तीसगढ़ महिला कोष की सक्षम योजना से मिले 1 लाख 80 हजार रुपये के ऋण ने उनके इस प्रयास को नई दिशा दी है। उनके आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदमों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर व्यक्तिगत पाती भेजकर शुभकामनाएं दी हैं।

एक गाय से शुरू किया पशुपालन, शासन की मदद से बढ़ाया व्यवसाय

ग्राम चैनपुर निवासी चंपा देवी कुशवाहा, पति अजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि पहले उनके पास केवल एक गाय थी, जिससे मिलने वाला दूध परिवार की जरूरतों में ही उपयोग हो जाता था। वह पशुपालन को आय का साधन बनाना चाहती थीं, लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण व्यवसाय का विस्तार नहीं कर पा रही थीं। फरवरी 2026 में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ महिला कोष की सक्षम योजना के अंतर्गत उन्हें 1 लाख 80 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। इस राशि से उन्होंने तीन अतिरिक्त गायें खरीदीं। वर्तमान में उनके पास चार गायें और दो बछिया हैं।

गायों की संख्या बढ़ने से दूध उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। अब चंपा देवी परिवार की जरूरतें पूरी करने के बाद शेष दूध आसपास के घरों में बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। इससे परिवार के दैनिक खर्चों को पूरा करने में सहायता मिल रही है और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया है।

मुख्यमंत्री की पाती ने बढ़ाया आत्मविश्वास और उत्साह

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने चंपा देवी कुशवाहा को व्यक्तिगत पत्र भेजकर उनके प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने अपनी पाती में एक गाय से शुरू किए गए पशुपालन व्यवसाय को चार गायों तक पहुंचाने और दूध बिक्री से परिवार की आय बढ़ाने के उनके प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने पत्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश के प्रत्येक परिवार की खुशहाली और समृद्धि इस संकल्प का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने चंपा देवी के पशुपालन व्यवसाय में निरंतर प्रगति तथा परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दरीपारा अम्बिकापुर (छ.ग.) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा